रोहतक
शनिवार 28 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 30, अंक : 52
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.3
न्यून. 16.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## रुपया पाताल में, 94.70 के नए स्तर पर पहुंचा, 14 साल की सबसे बड़ी गिरावट



**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.70 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और एनर्जी सप्लाई चेन में आई रुकावटों के कारण भारतीय रुपये में यह गिरावट दर्ज की गई। पिछले एक महीने में ही रुपया करीब 4% टूट चुका है, जबकि इस फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में इसमें 10% से ज्यादा की गिरावट आई है। यह पिछले 14 सालों की सबसे बड़ी गिरावट है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ईरान जंग जारी रही तो रुपया जल्द ही 98 के स्तर तक जा सकता है। भारत का वित्त वर्ष अप्रैल से मार्च तक चलता है।

# फिलहाल महंगा नहीं होगा तेल, पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपये घटी


भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। हालांकि इससे ईंधन के खुदरा दाम में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि कंपनियां इसका उपयोग कच्चे माल की बढ़ी हुई लागत का भरपाई के लिए करेंगी। इस कटौती से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में होने वाली उस वृद्धि को टाल दिया गया है जो पिछले एक महीने में अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि को देखते हुए आवश्यक हो गई थी। अब पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। हालांकि, इस कटौती से पेट्रोल पंप पर कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि इसे तेल कंपनियों के घाटे की भरपाई के लिए समायोजित किया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क (विंडफॉल टैक्स) लगा दिया है।

## पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 से घटाकर 3 और डीजल पर 10 से घटाकर शून्य किया

### पेट्रोल-डीजल का इस तरह होता है मूल्य विभाजन

डीलर का कमीशन 10%



क्रूड और रिफाइनिंग 45%

स्टेट टैक्स 20%

सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी का भाग 25%

कच्चा तेल महंगा होने से कंपनियों को 30 रुपये प्रति लीटर तक हो रहा था घाटा

● बाजार में कच्चे तेल के दाम 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचे

## देश में नहीं लगेगा लॉकडाउन : केंद्र

● अगले 2 महीनों के लिए कच्चा तेल उपलब्ध

● एलपीजी उत्पादन 40 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को साफ किया है कि देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत तीन मंत्रियों ने लॉकडाउन की खबरों को गलत बताया है। वहीं, पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने भी शुक्रवार को बताया कि देश में लॉकडाउन की स्थिति नहीं है। सभी रिफाइनरी 100 फीसदी कैपेसिटी से काम कर रही हैं। देश में एलपीजी प्रोडक्शन 40% बढ़ा है। इधर, केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर नजर रखने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रियों की कमेटी का गठन किया है। पश्चिम एशिया के संघर्ष से क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम उत्पाद महंगे हुए, सप्लाई चेन पर असर पड़ा। वहीं, केंद्र ने कहा कि भारत के पास पर्याप्त स्टॉक: देश में अगले 2 महीनों के लिए कच्चा तेल उपलब्ध है। एलपीजी, एलएनजी और पीएनजी की सप्लाई भी पहले की तरह जारी है। सरकार ने पहले कॉमर्शियल सप्लाई घटाई, फिर धीरे-धीरे बढ़ाकर अब 70% तक कर दी। 14 मार्च से अब तक 30,000 टन एलपीजी सप्लाई की गई। रेस्टोरेंट, ढाबों को प्राथमिकता दी गई है। कुछ जगहों पर लंबी कतारें दिखीं, लेकिन सरकार ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल-डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है।

## मोदी की मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक, बोले टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया के हालात को लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी राज्य टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें और अपनी तैयारियां मजबूत रखें। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। इसमें प्रधानमंत्री ने राज्यों से उनकी तैयारियों और योजनाओं की जानकारी ली। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। चुनाव आचार संहिता लागू होने की वजह से



### तैयारियों और योजनाओं की जानकारी ली

चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं हुए। पीएम ने सप्लाई चेन सही रखने, जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती करने को कहा। उन्होंने खाद के स्टॉक व वितरण पर कड़ी नजर रखने के लिए मुख्यमंत्रियों को दिशा-निर्देश दिए। सरकार की प्राथमिकता देश के नागरिक हैं।

## ईरान ने मिसाइलों पर लिखा थैंक्यू इंडिया, फिर इजराइल पर दागीं

■ इन पर पाकिस्तान का भी नाम, जंग में समर्थन पर आभार जताया

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने इजराइल पर 83वीं बार मिसाइल हमला किया। इस बार मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखकर भेजा गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि ईरानी सैनिक मिसाइलों पर थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया लिख रहे हैं। इसी तरह स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी के लिए भी संदेश लिखे गए। ईरान ने कहा कि यह कदम उन देशों के प्रति आभार जताने के लिए है, जिन्होंने उसका समर्थन किया। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक, यह 83वीं स्ट्राइक थी, जिसमें लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलें और ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमलों में इजराइल के ठिकानों के साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। बहरीन में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला होने का दावा किया गया है।

### भारतीय बच्चों का गुल्लक दान करना कभी नहीं भूलेंगे

ईरान ने भारतीय बच्चों द्वारा गुल्लक दान करने पर भावुक प्रतिक्रिया दी है। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने कहा कि इस मदद को वह कभी नहीं भूलेंगे। दूतावास ने कहा कि भारतीय बच्चों का अपनी गुल्लक दान करना 'प्यार भरा तोहफा' है, जिसे कभी नहीं भुलाया जाएगा। दूतावास ने सोशल मीडिया पर कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने अपने छोटे हाथों से जो मदद दी, वह बेहद खास है और दोनों देशों के रिश्तों की गहराई को दिखाती है।

### लॉरेंस गैंग के नाम पर दी धमकी

## दुकानदार, डॉक्टर, 3 कारोबारियों से मांगी 22 करोड़ की रंगदारी

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** लॉरेंस गैंग ने आईबीएम अस्पताल के संचालक व भाजपा से मनोनीत नगर निगम पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव निवासी असंल सुशांत सिटी पानीपत, मिट्ठन स्वीट्स फतेहपुरी चौक, तहसील कैंप के संचालक रजनीश व योगेश, गांव इसराना निवासी व्यवसायी सुक्रमपाल व दुकानदार हरेंद्र को धमकी देकर 22 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। उपरोक्त को रणदीप मलिक ने वॉट्सएप कॉल की और स्वयं को लॉरेंस गैंग का बताते हुए चेतावनी दी कि रंगदारी नहीं देने पर उनकी परिवार समेत हत्या कर दी जाएगी। हुडा सेक्टर 13/17, थाना तहसील कैंप व इसराना थाना पुलिस ने धमकी देने के मामलों की जांच शुरू कर दी है।

**भाजपा नेता गौरव : 5 करोड़**
कॉल करने वाले ने भाजपा नेता और चिकित्सक डॉ गौरव को कहा कि उसके पास उसकी व परिजनों, घर व क्लीनिक की पूरी जानकारी है। अगर पांच करोड़ रुपये नहीं दिए तो परिवार समेत हत्या कर दी जाएगी।

**मिट्ठन स्वीट्स : 5 करोड़**
फतेहपुरी चौक स्थित मिट्ठन स्वीट्स के संचालकों रजनीश व योगेश से भी पांच करोड़ की रंगदारी मांगी और चेताया कि रकम का इंतजाम कर लेना नहीं तो अंजाम बुरा होगा।

**कारोबारी सुक्रमपाल : 10 करोड़**
कारोबारी व जमींदार सुक्रमपाल निवासी गांव इसराना से भी 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई।

**दुकानदार हरेंद्र : 2 करोड़**
इसराना के ही निवासी हरेंद्र से भी वॉट्सएप कॉल दो करोड़ की रंगदारी मंगी गई। जबकि हरेंद्र, इंवर्टर व बैटरी की दुकान करता है।

## कर्नाटक में पति ने बीच सड़क काटा पत्नी का गला, एसयूवी चढ़ाई

**मौके पर मौत राहगीरों ने बनाया वीडियो**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एक व्यक्ति ने बीच सड़क पत्नी की हत्या कर दी। उसने पहले पत्नी का गला काटा, फिर एसयूवी से कुचल दिया। घटना के 2 वीडियो सामने आए हैं। घटना कलबुर्गी जिले के बल्लूरगी गांव के पास की है। वीडियो में आरोपी पत्नी के बाल पकड़कर उसे पीटता दिख रहा है, जबकि महिला मदद के लिए चीखती नजर आती है। पुलिस के मुताबिक, अक्षय अपनी पत्नी सान्वी के साथ गुरुवार सुबह तीर्थ स्थल गनागापुरा जा रहा था। दोनों मारुति सुजुकी अर्टिगा कार में थे। सुबह करीब 11 बजे रास्ते में दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद अक्षय ने शैला को गाड़ी से बाहर धक्का दे दिया। इसके बाद अक्षय बीच सड़क पर सान्वी का बाल पकड़कर पीटने लगा और हंसिए से गला काट दिया। फिर वह सान्वी को कार में बैठाकर खेत की तरफ ले गया। वहां पत्नी को जमीन पर लिटाकर एसयूवी चढ़ा दी। सान्वी की मौके पर ही मौत हो गई।

### खबर संक्षेप

#### श्रीनगर-लेह हाईवे पर एवलांच, 7 की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-लेह हाईवे पर शुक्रवार दोपहर 4 बजे एवलांच आया। जोजिला पास के जीरो प्वाइंट के पास इस हादसे में 12 से ज्यादा वाहन 6 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गए। हादसे में 7 लोगों की मौके पर मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। 5 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। *एजेंसी*

#### कुमारन होंगे ब्रिटेन में भारत के नए उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी पी.कुमारन को ब्रिटेन में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। जल्द ही वह अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। कुमारन, विक्रम दोराईस्वामी की जगह पर ब्रिटेन में यह दायित्व संभालेंगे। जिन्हें सरकार ने चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया है। *एजेंसी*

## कांग्रेस में खुली बगावत, दो विधायकों ने नहीं दिया शोकॉज नोटिस का जवाब

### साढ़ौरा की विधायक रेनू बाला ने भी क्रॉस वोटिंग से किया इनकार

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** राज्यसभा चुनाव में पांच विधायकों की क्रास वोटिंग और चार विधायकों के वोट रद होने के बाद हरियाणा कांग्रेस में खींचतान बढ़ती जा रही है। रतिया के विधायक जरनैल सिंह और नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी के बाद अब साढ़ौरा की विधायक रेनू बाला ने भी कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए क्रास वोटिंग से इंकार कर दिया है। वहीं, बागी तेवर दिखा रहे पुन्हाना के

**इलियास ने दिल्ली में मनोहर लाल से की मुलाकात, हुड्डा बोले, पांचों विधायकों को बैठक में नहीं बुलाएंगे**

विधायक मोहम्मद इलियास ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भेंट के बाद अब केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर पाला बदलने की चर्चाओं को तूल दे दिया है। हथीन के विधायक मोहम्मद इजराइल के तेवर भी तीखे हैं, जिन्होंने अभी तक नोटिस का जवाब नहीं दिया।

**मैं पार्टी की वफादार : रेनू**



रेनू बाला ने कांग्रेस अनुशासन समिति को भेजे जवाब में दावा किया है कि उन्होंने अपना वोट कांग्रेस प्रत्याशी को ही दिया था। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी की वफादार हूं और मैंने कोई क्रास वोटिंग नहीं की। यदि पार्टी मेरे खिलाफ कोई एक्शन लेती है, तो स्वीकार करूंगी।

**सामाजिक व आर्थिक आधार पर दिए अंकों के मामले में हाईकोर्ट का फैसला**

## 10000 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को राहत, पुनर्विचार याचिका स्वीकार

■ 24 ग्रुप की भर्तियों को वैध ठहराया

■ 2 साल से रह रहे थे अनिश्चितता में अभ्यर्थी

**चंडीगढ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 57 रिव्यू याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए 24 ग्रुप की भर्तियों को वैध ठहराते हुए पहले रद्द किए गए चयन को बहाल कर दिया। इसके साथ ही 10,458 चयनित अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। ये दो साल से अनिश्चितता में जी रहे थे। खंडपीठ ने कहा कि इन 24 ग्रुप में सामाजिक-आर्थिक मानदंड (सोशियो-इकोनॉमिक क्राइटेरिया) के अंक का कोई प्रभाव अंतिम चयन सूची पर नहीं पड़ा था, इसलिए इन भर्तियों को रद्द करना उचित नहीं था। कोर्ट ने कहा कि पहले के फैसले में कुछ तथ्यों को गलत तरीके से सभी ग्रुप पर लागू कर दिया गया था, जबकि वास्तविक स्थिति अलग थी। दरअसल, हरियाणा सरकार ने 5 मई 2022 को सीईटी नीति लागू की थी, जिसके तहत ग्रुप-सी और डी की भर्तियां होनी थीं। इसमें सामाजिक-आर्थिकआधार पर 5 अतिरिक्त अंक देने का प्रावधान रखा गया था, जिसे हाई कोर्ट ने नवंबर 2023 में अस्थायी रूप से रोक दिया था और 31 मई 2024 को इसे असंवैधानिक बताते हुए पूरी चयन प्रक्रिया रद्द कर दी थी। इसके बाद राज्य सरकार की एसएलपी भी सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो गई थी। इन्हें अब नौकरी जारी रखने का अधिकार मिल गया है। हालांकि ग्रुप 56 और 57 से संबंधित पहले का फैसला यथावत रहेगा।


## 2.38 लाख करोड़ के रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी

# रूस से फिर बढ़ी नजदीकियां, एयरफोर्स को मिलेगा एस-400 मिसाइल सिस्टम

आर्मी को धनुष गन सिस्टम मिलेगा बढ़ेगी सैन्य ताकत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में करीब 2.38 लाख करोड़ रुपये के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें आर्मी, एयरफोर्स और कोस्ट गार्ड के लिए कई अहम सिस्टम और प्लेटफॉर्म शामिल हैं। भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर पियर्सिंग टैंक गोला-बारूद, हाई कैपेसिटी रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम को मंजूरी मिली। वित्त वर्ष 2025-26 में डीएसी अब तक 55 प्रस्तावों को मंजूरी दे चुका है, जिनकी कुल लागत 6.73 लाख करोड़ रुपये है। इसी दौरान 503 डिफेंस डील भी साइन की गई हैं, जिनकी कीमत 2.28 लाख करोड़ रुपये है। सरकार के मुताबिक यह किसी एक वित्त वर्ष में अब तक का सबसे बड़ा रक्षा खरीद और मंजूरी का आंकड़ा है।



### एयरफोर्स को ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट मिलेंगे

- भारतीय वायुसेना के लिए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, एस-400 मिसाइल सिस्टम, रिमोटली पायलटेड स्ट्राइक एयरक्राफ्ट और एसयू-30 इंजन ओवरहाल को मंजूरी दी गई।
- नए ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट एएन-32 और आईएल-76 की जगह लेंगे।
- एस-400 सिस्टम लंबी दूरी के हवाई खतरों से सुरक्षा देगा।
- ड्रोन स्ट्राइक एयरक्राफ्ट से ऑपरेशनल और सर्विलांस क्षमता बढ़ेगी।
- एसयू-30 इंजन अपग्रेड से विमानों की लाइफ बढ़ेगी।
- इंडियन कोस्ट गार्ड के लिए होवरक्राफ्ट की मंजूरी




धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्सभिन्न होते हैं पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर यूनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा प्रोटेक्शन प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष व उनकी पत्नी मित्रा घोष ने शुक्रवार को पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया।

### भाजपा स्थापना दिवस के लिए समितियां गठित

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए दो विशेष कार्यक्रम समितियों का गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा के स्थापना दिवस और भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए समितियां बनाई है।

### भाजपा को नुकसान पहुंचाएंगे नायब : चौटाला



चंडीगढ़। इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैनी पंजाब में भी बीजेपी को नुकसान पहुंचाएंगे। चौटाला ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों के लाइसेंस रिन्यू नहीं कर रही ताकि एमएसपी से बचा जा सके। इस मुद्दे को लेकर इनेलो प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मुलाकात कर अपनी चिंताओं से अवगत करवाएगा।

दो दिवसीय भारतीय सड़क कांग्रेस शुरू: मुख्यमंत्री बोले- सुरक्षित यात्रा के लिए सड़क नेटवर्क को मजबूत बना रही सरकार

# 11 साल में 1719 किमी. लंबे हाईवे का निर्माण हुआ

■ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 2432 किमी. लंबी सड़कें बनाई गई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़





■ सेमिनार में देश के 350 से अधिक विशेषज्ञ, अभियंता और शोधकर्ता हिस्सा ले रहे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। ब्लैक स्पॉट की पहचान और सुधार, ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का आधुनिकीकरण, जागरूकता अभियान और नई तकनीकों का उपयोग के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ में भारतीय सड़क कांग्रेस एवं लोक निर्माण विभाग हरियाणा द्वारा सड़क सुरक्षा समाधान विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन करने के पश्चात अपना संबोधन दे रहे थे। सेमिनार में भारतीय सड़क कांग्रेस के प्रतिष्ठित सदस्यगण के अलावा 350 से अधिक विशेषज्ञ, अभियंता. शोधकर्ता, नीति-निर्माता तथा शिक्षाविद शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले 11 वर्षों में 28 हजार 582 करोड़ रुपये की लागत से 1 हजार 719 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है। वहीं 28 हजार 651 करोड़ रुपये की लागत से 43 हजार 703 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुधार किया गया है। इसके साथ ही, 2 हजार 534 करोड़ रुपये की लागत से 2 हजार 417 किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण आधुनिक तकनीक से किया गया है। इनके अलावा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2 432 किमी. लंबी सड़कों का निर्माण किया गया।

### ओवरस्पीड पर 4.80 लाख वाहनों के ई-चालान

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने करनाल के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर कुंडली, सोनीपत से शंभु, अंबाला तक 128 हाईटेक कैमरे लगाए हैं। इसके परिणामस्वरूप पिछले 1 वर्ष में ओवर स्पीड वाहनों के 4 लाख 80 हजार ई-चालान किए गए हैं। सरकार ने आईआईटी मद्रास के सहयोग से संजय ऐप शुरू किया है। यह ऐप सड़क दुर्घटनाओं के प्रबंधन और आंकड़ों का विश्लेषण कर हादसों को कम करने में मदद कर रहा है। इसी तरह प्रदेश में जुलाई, 2021 में हरियाणा-112 आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का शुरू की गई है।

## मुख्यमंत्री नायब से डेरा ब्यास प्रमुख ने शिष्टाचार भेंट की



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार को राधा स्वामी सत्संग ब्यास के डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच विभिन्न सामाजिक विषयों पर बातचीत हुई।

## महाराष्ट्र को भाया म्हारा 'अभेद्य एप'

■ महाराष्ट्र ने हरियाणा पुलिस से मांगी जानकारी



चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस द्वारा रंगदारी व फिरौती मांगने के घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हाल ही में शुरू किया गया अभेद्य ऐप अब दूसरे राज्यों के लिए भी मिसाल बनता जा रहा है। महाराष्ट्र पुलिस ने इस ऐप में विशेष रुचि दिखाते हुए इसकी विस्तृत जानकारी हरियाणा पुलिस से मांगी है और इसे अपने राज्य में लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है।

सूत्रों के अनुसार, हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने फिरौती की धमकियों से निपटने के लिए इस तरह की डिजिटल पहल की है। 'अभेद्य ऐप' के माध्यम से संदिग्ध कॉल, मैसेज और फिरौती से जुड़ी शिकायतों को तुरंत दर्ज कर कार्रवाई की जा सकती है। इससे पुलिस को त्वरित सूचना मिलती है और मामलों में तेजी से जांच संभव हो पाती है।

### रंगदारी व फिरौती की वारदातों पर लगेगी रोक

महाराष्ट्र में बढ़ रही फिरौती की घटनाओं को देखते हुए वहां की पुलिस इस मॉडल को अपनाने के लिए गंभीर है। इसी कड़ी में हरियाणा पुलिस से ऐप के संचालन, तकनीकी ढांचे और इसके परिणामों से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। हरियाणा पुलिस के अधिकारियों का मानना है कि 'अभेद्य ऐप' के जरिए न केवल अपराधियों पर निगरानी मजबूत हुई है, बल्कि नागरिकों में भी सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।


**PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE**

| S. NO. | NAME OF DEPARTMENT/BOARD/CORP/AUTH | NAME OF WORK/NOTICE/TENDER | As per Website | BID SUBMISSION START & END DATE (TIME) | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/CONTA CT DETAILS/EMAIL | TENDER REFERENCE NO | TYPE OF TENDER | REMARKS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | MC BAWANI KHERA | Repair Completion and Fire Office, Municipal Committee Bawani khera + 15 other Development Works | --- | 25.03.2026 (09:00 AM) 02.04.2026 (06:55 PM) | etenders.hry.nic.in | secy-bawanik@ulbharyana.gov.in mc.bawanikhera1@gmail.com | 2026_HRY_510691_1 | Development work | Uploading on HEWP |

Sd/- Secretary,
Municipal Committee, Bawani Khera

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | गौंची गांव फरीदाबाद में गौंची बूस्टिंग स्टेशन से रेवेन्यू रोड (वार्ड नं. 2 में फारूक एनआईटी शॉप) तक 150 मिमी डाया. डीआई जलापूर्ति लाइन के प्रावधान व बिछाकर मौजूदा जल लाइन को बदलने हेतु आकलन + 30 कार्य। | 21.03.2026 01.04.2026 | 7,45,13,785/- | https://etenders.hry.nic.in | 8287198705 xen1mcf@gmail.com |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | एक वर्ष हेतु (2026-27) वार्ड 23 (न्यू वार्ड), फरीदाबाद में 100 मिमी, 150 मिमी और 200 मिमी डाया की जलापूर्ति लाइन/लीकेज की मरम्मत + 12 कार्य। | 24.03.2026 01.04.2026 | 3,56,07,998/- | https://etenders.hry.nic.in | 8287198705 ee2mcf@gmail.com |
| 3 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड नं. 24 फरीदाबाद में म. नं. बी30 अशोका एंक्लेव-2 के निकट 1 अदद डीटीएच नलकूप बोर का प्रावधान + 5 कार्य। | 24.03.2026 01.04.2026 | 1,08,96,723/- | https://etenders.hry.nic.in | 9953396110 ajaypanghal84@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/44236/I/88/6 दि. 27.03.26

**DISTRICT OFFICE HAFED NARNAUL**
Hafed Complex, Nizampur Road, Narnaul-123001(Haryana)
01282-257233 email: dmhfd-nrl@hafed.gov.in

**E-Tender**

Hafed invites online bids from reputed financially sound and experienced labour and transport contractor for Labour/Cartage and Transportation work of Fertilizer of Narnaul, Mahendergarh, Kanina and Ateli centre for the period w.e.f. 01.04.2026 to 31.03.2027, as per schedule given below :-

| S. No. | Particulars | For Fertilizer Tender |
|---|---|---|
| 1 | Online submission of EMD, Tender Fee & e-service fee | From 28.03.2026 (9.00 AM) to 08.04.2026 (5.00 PM) |
| 2 | Online submission of Bid | Up to 08.04.2026 (5.00 PM) |
| 3 | Date and time of opening of Technical Bids | On dated 09.04.2026 at 11.30 AM |
| 4 | Date and Time of opening of Financial bids of only valid tenderer | On dated 09.04.2026 at 2.30 PM or as decided by the committee. |

The tender documents containing terms and conditions are available at Haryana single e-procurement portal at https//etenders.hry.nic.in. All the bidders are required to get registered on e-tendering portal https//etenders.hry.nic.in for applying online e-tender. Technical & Financial bid will be opened by the committee in the office of District Manager, Hafed, Narnaul as per dates given above and negotiations will also be held as per terms and conditions of tender documents respectively. Tender committee reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

District Manager, Hafed, Narnaul.


डेडलाइन 30 जून उपकरण व फर्नीचर खरीदने के निर्देश

## यमुनानगर व कैथल मेडिकल कॉलेज का 80% निर्माण पूरा



### 2027-28 के शैक्षणिक सत्र से दाखिले शुरू होंगे

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से सभी जरूरी मंजूरी प्राप्त करें, ताकि वर्ष 2027-28 के शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस में दाखिले शुरू किए जा सकें।

चंडीगढ़। चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव, डॉ. सुमिता मिश्रा ने शुक्रवार को राज्य के कई सरकारी मेडिकल कॉलेजों की प्रगति की समीक्षा की और काम करने वाली एजेंसियों को समय-सीमा का पालन करने और अटके हुए कामों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। डॉ. सुमिता मिश्रा चंडीगढ़ में चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान निगरानी और पर्यवेक्षी समिति की 30वीं बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सिविल कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा करना, उपकरणों की खरीद करना और फैकल्टी की भर्ती करना सुनिश्चित करें। कैथल और यमुनानगर में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज, जो दोनों ही लगभग 80 प्रतिशत पूरे हो चुके हैं, को 30 जून की डेडलाइन दी गई है। डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि वे बायोमेडिकल उपकरणों और फर्नीचर की खरीद शुरू करें। वहीं जींद स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज संशोधित वित्तीय अनुमानों की मंजूरी अटकी होने के कारण निर्माण धीरे चल रहा है।

## विभागों के पुराने रिकॉर्ड व फर्नीचर को हटाने के लिए चलेगा विशेष अभियान

चंडीगढ। सरकार ने राज्य के सभी सरकारी विभागों और कार्यालयों में पुराने कार्यालय रिकॉर्ड की छंटनी करने तथा अनुपयोगी और बेकार पड़े कार्यालय फर्नीचर को हटाने के लिए 1 अप्रैल से 8 अप्रैल तक एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह अभियान राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों, संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों में लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य रिकॉर्ड प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना और प्रशासनिक कार्यक्षमता में सुधार लाना है। सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्ड एवं निगमों के प्रबंध निदेशकों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों तथा विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों को अभियान के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## गैस और तेल की किल्लत से लोग परेशान : सुशील गुप्ता



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुशील गुप्ता ने हरियाणा सहित देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर उत्पन्न हो रही अव्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।डॉ. गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार यह दावा किया जा रहा है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। हरियाणा के सिरसा, जींद, हिसार, बल्लभगढ़ और यमुनानगर सहित कई जिलों से पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारों और तेल की कमी की सूचनाएं सामने आ रही हैं। कई जगहों पर पेट्रोल पंप सूखे पड़े हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## प्राइवेट बैंकों में घोटाले की जांच करवाए केंद्र सरकार



चंडीगढ़। हरियाणा में प्राइवेट बैंकों के जरिए सैकड़ों करोड़ों रुपए के सरकारी फंड के गबन करने के मामलों को पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बेहद गंभीर बताया है। उन्होंने इसे मल्टी स्टेट स्कैम करार देते हुए कहा कि इस बड़े घोटाले की जांच हर हाल में उच्च स्तरीय ही होनी चाहिए। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा की एक विजिलेंस ब्यूरो कई राज्यों के स्कैम को किसी हालात में मॉनिटर नहीं कर सकता है इसलिए इस महाघोटाले की जांच के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का शामिल होना जरूरी है। उन्होंने पीएम को पत्र भी लिखा है।

# राज्यसभा चुनाव विवाद : रिटर्निंग अधिकारी बोले-कानून सम्मत ढंग से करवाया इलेक्शन

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

■ कांग्रेस ने राज्यपाल से भेंट कर व्यवस्था पर उठाए थे सवाल

राज्यसभा के चुनाव को लेकर हरियाणा में एक तरफ जहां सियासी सरगर्मी अभी तक थमने का नाम नहीं ले रही है। वहीं कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल प्रो. असीम घोष से मुलाकात कर चुनावी व्यवस्था पर सवाल उठाए थे साथ ही निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल की शिकायत कर दी थी। इस पूरे मामले में चुनाव जीतने के बावजूद पूर्व सचिवालय कर्मचारी कर्मवीर बौद्ध भी आक्रामक है, वे अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। हालांकि पूरे मामले को लेकर नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने साफ कर दिया था कि वे व्यक्तिगत तरीके से मामले को नहीं देखते। इस तरह से भले ही मामला पूरा सियासी हो लेकिन आरओ पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। पूरे मामले में राज्यसभा चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी सीनियर आईएएस पंकज अग्रवाल ने हरिभूमि के पूछे जाने पर कहा कि सारा कुछ कानून सम्मत हुआ है, नियमों व कानून के हिसाब से हुआ है। मुझे इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहना है, कौन सियासी नेता क्या बोल रहा है, इस बात से मुझे कुछ भी लेना देना नहीं है।

### साजिश रचकर वोट रद्द किए, चुनाव आयोग से करेंगे शिकायत : हुड्डा



चंडीगढ़। राज्यसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगा रही कांग्रेस अब निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ भारतीय चुनाव आयोग में शिकायत करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन अधिकारी ने भाजपा के साथ मिलकर साजिश रची और कांग्रेस के चार वोट रद्द कर दिए। उन्होंने चुनाव आयोग से इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। हुड्डा ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्यसभा चुनाव में एक बार फिर साफ हो गया है कि इनेलो कभी भाजपा के खिलाफ नहीं जा सकता। इस बार इनेलो विधायकों ने वोट इसलिए नहीं डाला क्योंकि उन्हें पता चल चुका था कि कांग्रेस की जीत निश्चित है। एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की किल्लत पर हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने कई सालों तक जनता से पेट्रोल-डीजल पर कांग्रेस शासन के मुकाबले डबल टैक्स वसूला। बैंक घोटाले पर भी उन्होंने सरकार को कटघरे में खड़ा किया।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | पुराना नागरिक हस्पताल, जिला फतेहाबाद में विद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (स्ट्रीट लाइट कार्य का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 25.03.2026 03.04.2026 | 35.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में जगाधरी में आवासीय एकमॉडेशन समेत उपनिदेशक और एसडीओ कृषि कार्यालय की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 26.03.2026 02.04.2026 | 19.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 17.100 से 42.000 में करनाल कैथल रोड (रोड आईडी 7264) पर 50 मिमी डीबीएम जमा 40 मिमी बीसी और 80 मिमी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सहित मजबूतीकरण (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | 25.03.2026 15.04.2026 | 3109.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | कछवा - राईफार्म, गांव कछवा ब्लॉक करनाल में सामुदायिक हॉल के लम्बित कार्य को पूरा करना, स्कीम वीएएनजीवाई। | 26.03.2026 04.04.2026 | 2.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव जयसिंहपुरा ब्लॉक असंध, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण का विस्तृत आकलन, स्कीम-एचजीवीवाई। | 26.03.2026 04.04.2026 | 67.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | सिविल सर्जन कैथल | कैथल जिले के लिए ऑर्थो इम्प्लांट्स की खरीद। | 28.03.2026 14.04.2026 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 drugstorektl@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज राजौंद | विश्वकर्ता सामुदायिक केन्द्र (जाखौली कमान) को पूरा करना। | 26.03.2026 31.03.2026 | 7.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | दादु :- "1 अदद एस/एस टैंक, चारदिवारी का निर्माण, सिविल स्ट्रक्चर्स, सोलर पैनल की मरम्मत, बूस्टिंग स्टेशन, यूजीआर, पीसी, चारदिवारी, पम्पिंग मशीनरी, वितरण प्रणाली का निर्माण और घरेलू कनेक्शनों की बहाली तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी।" सीएच. हैड :- दादु:- गांव दादु जिला सिरसा में जलापूर्ति योजना का संवर्धन और पुनरोद्धार और अतिरिक्त बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण, वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण हेतु आकलन + 1 कार्य। | 25.03.2026 15.04.2026 | 334.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | कुमथाल :- 150 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन बिछाना, चारदिवारी/आयरन गेट का निर्माण और 1 अदद नलकूप चेम्बर आकार 10'×12' का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 25.03.2026 02.04.2026 | 12.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- बकेट टाइप सीवर क्लीनिंग मशीन द्वारा आकार 250 मिमी से 400 मिमी आई/डी की सीवर लाइन की गाद निकालना, सिरसा कस्बा की विभिन्न गलियों में रोप सैक द्वारा 200 मिमी आई/डी एस.डब्ल्यू. पाइप लाइन की गाद निकालना और सफाई तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 25.03.2026 02.04.2026 | 30.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सिरसा कस्बा जिला सिरसा में प्रीत नगर, प्रेम नगर, चत्तरगढ़ पट्टी, नागरिक हस्पताल रोड सी-ब्लॉक, मेन गली कीर्ति नगर और ओल्ड हाउसिंग बोर्ड में सुपर सकर मशीन द्वारा 400 मिमी, 500 मिमी और 600 मिमी आई/डी आरसीसी सीवर लाइन की गाद निकालना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 25.03.2026 02.04.2026 | 47.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | ऐलनाबाद कस्बा :- डीआई स्पेशल, स्लूइस वॉल्व, एनआरवी, आर्मर्ड केबल, रॉ वाटर में केबल ट्रे की आपूर्ति, फिक्सिंग व स्थापना, नहर आधारित जलघर ऐलनाबाद के लिए बुढ़ीमेरी में पम्पिंग स्टेशन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। सीएच. हैड :- जलापूर्ति योजना ऐलनाबाद कस्बा का संवर्धन। 'एस/एस टैंकों का निर्माण, मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत और दक्षिणी घग्गर नहर से मौजूदा जलघर तक नई वाटर कैरियर (800 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन) बिछाना।' | 25.03.2026 02.04.2026 | 23.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 13 | वन विभाग हिसार | भिवानी चिड़ियाघर में गेट एंट्री फीस के लिए अनुबंध। | 19.03.2026 30.03.2026 | 25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662259233 dwlohisar@gmail.com |
| 14 | वन विभाग हिसार | लघु चिड़ियाघर भिवानी के लिए चिकन मीट और हिरण पार्क हिसार समेत में 8 अन्य मदों की आपूर्ति। | 25.03.2026 30.03.2026 | 112.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662259233 dwlohisar@gmail.com |
| 15 | वन विभाग हिसार | हिसार वन मण्डल, हिसार में डीएफओ कार्यालय भवन के निर्माण हेतु निविदा सूचना। | 25.03.2026 10.04.2026 | 80.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029555 dfohisar.t@gmail.com |
| 16 | जिला परिषद फतेहाबाद | जिला परिषद फतेहाबाद के अधिसूचित क्षेत्रों में पड़ने वाले विभिन्न रोड की वार्षिक मरम्मत (वर्ष 2026-2027) ग्रुप-ए और ग्रुप-बी) + 8 कार्य। | 25.03.2026 01.04.2026 | 279.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416071464 zpftb@hry.nic.in |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा गोहाना | आरडी 45000 से 83000 तक भालोट सब ब्रांच की संरचनाओं के पुनर्निर्माण हेतु आकलन। | 11.03.2026 31.03.2026 | 1497.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996532800 xenghn@rediffmail.com |
| 18 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सेवाएं यांत्रिकी मण्डल फरीदाबाद के लिए 50 एचपी मोटर और स्टार्टर पैनल इत्यादि सहित 4 अदद 10 सीएस. वीटी पम्प्स की आपूर्ति स्थापना और प्रचालन। | 27.03.2026 10.04.2026 | 93.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 19 | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएसजीएमसी फॉर वीमन खानपुर कलां सोनीपत के लिए डीजल स्टोरेज लाइसेंस बनाने के लिए निविदा। | 27.03.2026 02.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 9996752925 purchasebranch2026@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/380/44265/I/88/6 दि. 27.03.26

## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे खड़े बच्चे को कार ने रौंदा



**नारनौल।** गुरुवार रात को खटोटी मोड़ पर हुए एक सड़क हादसे में खटोटी खुर्द निवासी करीब 10 वर्षीय मासूम लक्ष्य की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार तेज रफ्तार और गलत दिशा से आ रही गाड़ी ने बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। बीती शाम को एक कुआं पूजन का प्रोग्राम था, वहां से बच्चे खाना खाकर आ रहे थे। खटोटी खुर्द निवासी चाचा राजेश शर्मा ने बताया कि तब करीब सवा सात बजे बारिश आने के कारण बच्चे सड़क के किनारे खड़े हो गए। कुछ देर बाद भांखरी की तेज रफ्तार एक गाड़ी आई और इन सड़क किनारे खड़े बच्चों को टक्कर मार दी। परिवार के लोग आनन–फानन में घायल को नारनौल के निजी हॉस्पिटल में लेकर आए, जहां से डॉक्टर खराब हालत देख उसे जयपुर रेफर कर दिया। कोटपुतली के पास ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चा दूसरी कक्षा में पढ़ता था। उसके पिता किशन मजदूरी करते हैं। लक्ष्य अपने दो भाइयों में छोटा था और परिवार का लाडला था।

### क्रशर की होदी में गिरने से युवक की जान गई

**महेंद्रगढ़।** गांव जेरपुर स्थित जय श्री श्याम स्टोन क्रशर में काम करते समय 21 वर्षीय युवक रामफल सिंह की पैर फिसलकर नीचे गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है। मध्यप्रदेश के थेही गांव निवासी भोलू सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके मामा का लड़का रामफल सिंह (21) उसी क्रशर पर काम करता था। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे वे दोनों क्रशर की होदी के ऊपर खड़े थे, तभी अचानक रामफल सिंह का पैर फिसल गया पैर फिसलने से रामफल पत्थरों पर जा गिरा और बेहोश हो गया। भोलू सिंह ने क्रशर के अन्य कर्मचारियों की मदद से उसे तुरंत नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रामफल सिंह को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, रामफल की मौत पत्थरों पर गिरने से हुई चोटों के कारण हुई। मृतक रामफल सिंह मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के नांधामार गांव का रहने वाला था और अविवाहित था।

### छत से गिरने पर डेढ़ वर्ष के बच्चे की मौत

**बल्लभगढ़।** फरीदाबाद जिले में सूरजकुंड थाना क्षेत्र के गांव अनखीर में दूसरी मंजिल से गिरने के कारण डेढ़ साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यूपी निवासी पिंटू चौहान अभी गांव अनखीर में किराए पर रह रहा था। फरीदाबाद में करीब तीन महीने पहले वह अपने भाई की पत्नी रानी को गांव से अपने साथ लेकर आ गया था। रानी अपने साथ अपने डेढ़ साल के बेटे आर्यन को भी लेकर आई थी। बताया गया है कि गुरुवार शाम करीब 7 बजे के आसपास मासूम आर्यन घर की दूसरी मंजिल पर खेल रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते उसका संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया।

## पीजीआई के गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के प्रमुख बोले- निजी अस्पताल में भर्ती मरीजों को भी देंगे हेपेटाइटिस सी की दवा

# काले पीलिया के मरीजों को अब घर पर भी मिलेगी मुफ्त दवा : डॉ. प्रवीण मल्होत्रा

- हेपेटाइटिस–बी और सी की वजह से लीवर होता है खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरिभूमि के साप्ताहिक 'सप्ताह के अतिथि' कार्यक्रम में पहुंचे पीजीआईएमएस रोहतक के गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने शुक्रवार को काले पीलिया (हेपेटाइटिस-बी और सी) को लेकर बड़ी पहल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब इस बीमारी से जूझ रहे मरीजों को इलाज के लिए भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पीजीआईएमएस की टीम मरीजों के घर जाकर उन्हें मुफ्त में दवाएं उपलब्ध करवाएगी।

डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि अगर कोई मरीज घर पर है या किसी अन्य अस्पताल में भी भर्ती है और पीजीआईएमएस से इलाज करवाना चाहता है तो उनकी टीम के सदस्य वहां भी जाएंगे और मदद करेंगे। उनका उद्देश्य है कि इस गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े और उन्हें समय पर सही उपचार मिल सके। हेपेटाइटिस-बी और सी ऐसी बीमारियां हैं जो धीरे-धीरे लीवर को नुकसान पहुंचाती हैं और समय रहते इलाज न मिलने पर जानलेवा साबित हो सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि मरीज नियमित जांच करवाएं और डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाइयां लेते रहें। इस दौरान डॉ. मल्होत्रा ने आधुनिक जीवनशैली और खासकर मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आजकल लोग खाना खाने के तुरंत बाद मोबाइल फोन चलाने लगते हैं, जो लीवर और पाचन तंत्र के लिए नुकसानदायक है। भोजन के बाद शरीर को थोड़ा आराम और हल्की सैर की आवश्यकता होती है, जिससे पाचन क्रिया सही तरीके से हो सके।



#### मोबाइल कर रहा बच्चों का लीवर खराब

डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि आजकल लोग खासकर बच्चों में मोबाइल का प्रयोग बढ़ा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। बच्चे खाना खाते समय भी फोन का इस्तेमाल करते हैं और खाने के बाद भी लंबे समय तक स्क्रीन पर लगे रहते हैं, जिससे उनकी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इससे लीवर पूरी तरह से प्रभावित होता है। वहीं, मोटापा और शराब भी लीवर को खराब करती है। इसलिए लोग बाहर के खाने से परहेज करें और उचित खानपान अपनाएं। अपने शरीर को समय दें। कुछ समय वर्कआउट करें।

#### लीवर की सेहत के लिए दिनचर्या पर ध्यान दें

डॉ. मल्होत्रा ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान दें और उन्हें स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करें। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मोबाइल के सीमित उपयोग से ही हम लीवर संबंधी बीमारियों से बच सकते हैं। पीजीआईएमएस की टीम मरीजों की सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित है और काले पीलिया के खिलाफ इस मुहिम को और मजबूत किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

## हरियाणा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा : सोनीपत में नकल का सामूहिक मामला

# समय खत्म होने पर भी 24 बच्चों को दिलवा रहे थे परीक्षा, छापा पड़ा तो स्टाफ धक्का देकर भागा

- बिधलान के परीक्षा कक्ष में ड्यूटी के अलावा भी दो शिक्षक व एक चपड़ासी थे मौजूद, केस दर्ज करवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) की कक्षा 12वीं की भूगोल की परीक्षा के दौरान सामूहिक नकल का एक बड़ा मामला सामने आया। परीक्षा केंद्र में परीक्षा खत्म होने के बावजूद एक कक्षा में बैठकर बच्चों से पेपर करवाया जा रहा था। जब उड़नदस्ता टीम ने जवाब तलब किया तो वहां मौजूद तीन आरोपी धक्कामुक्की करके फरार हो गए। इस कमरे में मौजूद सभी 24 बच्चों का यूएमसी बनाया गया। वहीं, आरोपी स्टाफ सदस्यों पर एफआईआर करवाई जाएगी।

निरीक्षण के दौरान विशेष आरएएफ उड़नदस्ता को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बिधलान में बने केंद्र का परीक्षा समाप्ति के बाद भी करीब 5 से 7 मिनट बाद तक पेपर जारी मिला। आरोप है कि इस केंद्र के कमरा नंबर 11 में राजकीय प्राथमिक पाठशाला, खेड़ी दहिया की पीआरटी प्रीतम रानी बतौर पर्यवेक्षक ड्यूटी दे रही थी, मौके पर दो अन्य महिलाएं व एक व्यक्ति पाया गया। अधिकारियों के अनुसार पूछताछ के दौरान इन लोगों ने उड़नदस्ता टीम के साथ बदसलूकी व धक्का-मुक्की की और वे बाहर चले गए, जिन्हें पकड़वाने में किसी भी स्टाफ सदस्य ने सहयोग नहीं किया। इस दौरान कमरे में परीक्षा दे रहे सभी 24 विद्यार्थियों का यूएमसी बनाया गया। वहीं, मामले की जांच के बाद सामने आया कि दोनों महिलाओं में एक संस्कृत प्रवक्ता वीना कुमारी, दूसरी हिंदी प्रवक्ता मंजू देवी पाई गई। एक अन्य व्यक्ति एचकेआरएन के तहत कार्यरत चपड़ासी नवीन कुमार मिला। तीनों कर्मचारी इसी विद्यालय के पाए गए, जिनके पास मोबाइल भी था, लेकिन उनके केंद्र से भागने पर मोबाइल को कब्जे में नहीं लिया जा सका। विद्यालय मुखिया कक्ष में लगे बैनर व बनाई गई वीडियो के मिलान एवं मामले की पुष्टि उपरांत उक्त तीनों कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए केंद्र अधीक्षक को निर्देश दिए गए।




**सोनीपत।** गांव बिधलान का राजकीय विद्यालय, जहां नकल का केस मिला।

#### इन केंद्रों के स्टाफ पर भी कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि उड़नदस्ता टीम ने राजकीय कन्या विद्यालय, खरखौदा (बी-1) परीक्षा केंद्र पर नियुक्त पर्यवेक्षक एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला सिलाना-2 के पीआरटी नरेंद्र कुमार और राजकीय विद्यालय खरखौदा (बी-2) पर नियुक्त पर्यवेक्षक एवं राजकीय उच्च विद्यालय, कंवाली के अंग्रेजी अध्यापक अशोक कुमार को विद्यार्थियों पर नियंत्रण न बनाने के कारण परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया।

#### प्रदेश में नकल के 31 केस दर्ज

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि 12वीं की भूगोल विषय की परीक्षा प्रदेशभर में शान्तिपूर्वक संपन्न हुई। प्रदेशभर में अनुचित साधन प्रयोग के 31 मामले दर्ज किए गए तथा 2 पर्यवेक्षक परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किए गए। सोनीपत में उड़नदस्ता स्टाफ के साथ बदसलूकी पर एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 1070 परीक्षा केन्द्रों पर 28 मार्च को संचालित होने वाली सीनियर सेकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) संगीत (सभी विकल्प) व व्यवसाय अध्ययन विषय की परीक्षा में 35707 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे।

## सोनीपत का जमीन अधिग्रहण मामला

# सीएम के आश्वासन पर चौथे दिन टावर से उतरा किसान

- सीएम के साथ ग्रामीणों ने की बातचीत, आश्वासन–अब पूरे प्रदेश के ऐसे मामलों पर होगा विचार, पांडुरंग करेंगे सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

असावरपुर में मंगलवार को अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के विरोध में करीब 250 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ा सुनील चौथे दिन सरकार के आश्वासन के बाद शुक्रवार देर शाम नीचे उतरा। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, प्रवक्ता राजकुमार कटारिया के समझाने पर ग्रामीणों व परिजनों ने सहमति जताई। इससे पहले दोपहर में गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के साथ बैठक कर समस्या को रखा था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली शाम 7 बजे सुनील को समझाकर टावर से नीचे उतरवाने के लिए मौके पर पहुंचे। सुनील करीब 7:35 बजे टावर से नीचे उतरा। मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि आज मुख्यमंत्री ने एजुकेशन सिटी से संबंधित पूरा नक्शा टेबल पर रखकर अधिकारियों के साथ एक-एक बात पर विचार किया। उन्होंने केवल असावरपुर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के संबंधित ऐसे मामलों पर विचार किया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि पूरे हरियाणा में इस प्रकार एक भी मकान नहीं टूटना चाहिए। हालांकि इस दौरान अधिकारियों ने कोर्ट केस का हवाला भी दिया। मुख्यमंत्री ने मामले में अधिकारी केएम पांडुरंग को जिम्मेदारी दी है। वह गांव में पहुंचकर सर्वे करेंगे।



#### केस उठाने होंगे

बड़ौली ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जमीन अधिग्रहण के समय के रेट को दरकिनार करते हुए ग्रामीणों को जमीन के बदले जमीन देने की बात कही है। अगर रेट की बात हुई तो वह पुराने वाला ही लागू होगा। अब ग्रामीणों को अपनी तरफ से कोर्ट केस उठाने पड़ेंगे।

## फतेहाबाद से भिवानी गई थी बारात, लौटते वक्त हांसी में हुआ हादसा

# बारात से लौट रही गाड़ी ट्राले के पीछे घुसी दूल्हे के दो दोस्तों की मौत, 3 गंभीर घायल

> ट्राला चालक ने कहा–तेज रफ्तार गाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना/हांसी

क्षेत्र के गांव चौबारा और मोचीवाली में शुक्रवार का सूरज गम की लहर लेकर आया। गांव चौबारा निवासी राजपाल के बेटे मुकेश की शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई, जब भिवानी से लौट रहे दूल्हे के पांच दोस्तों की गाड़ी हांसी के पास भीषण हादसे का शिकार हो गई। इस दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, गांव चौबारा निवासी मुकेश की बारात वीरवार रात को भिवानी जिले के गांव बड़सी गई थी। शुक्रवार सुबह शादी की रस्में पूरी होने के बाद दूल्हे के पांच दोस्त अपनी टाटा सिएरा गाड़ी में सवार होकर वापस फतेहाबाद लौट रहे थे।



हांसी। हादसे में क्षतिग्रस्त एसयूवी।



मृतक युवकों के फाइल फोटो।

#### गाड़ी के अगले हिस्से के परखच्चे उड़े

जैसे ही उनकी गाड़ी हांसी के सैनीपुरा फ्लाईओवर के समीप पहुंची, तभी सड़क पर आगे चल रहे एक ट्राले से उनकी तेज रफ्तार गाड़ी की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलने पर सिसाय पुल पुलिस चौकी व शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह पुलिस बल के साथ साथ मौके पर पहुंचे और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को गाड़ी से निकाल कर उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे में 42 वर्षीय महावीर सिंह निवासी गांव मोचीवाली तथा 38 वर्षीय मनोज निवासी गांव चौबारा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गाड़ी में सवार अन्य तीन युवक विक्रम चौबारा, कृष्ण चौबारा और विनोद चंद्रावल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें हिसार रेफर कर दिया गया है। वहीं, चालक बालकरण ने बताया कि वह यूपी से ट्राला लेकर सिरसा की ओर जा रहा था। हांसी के पास अचानक पीछे से एक तेज झटका लगा। जब नीचे उतरकर देखा तो गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी।

#### परिवार का इकलौता सहारा था मनोज

गांव चौबारा के सरपंच जोगिंदर कुमार ने बताया कि इस हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। मृतक मनोज अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। उसके पीछे बूढ़े माता-पिता, पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। वहीं, मृतक महावीर के परिवार में उसकी पत्नी और दो बेटे हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक की लहर है।

## गैंगरेप के दो दोषियों को 20-20 वर्ष कैद की सजा

**हिसार।** हांसी महिला थाना के अंतर्गत एरिया की एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर गैंगरेप करने वाले उसी गांव के दो दोषियों को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुनील जिंदल की कोर्ट ने शुक्रवार को 20-20 साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा प्रत्येक दोषी पर 1 लाख 16 हजार रुपये के जुर्माने लगाया है। अभियोग के अनुसार मामला अक्टूबर 2020 का है। पीड़िता की मां ने हांसी महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। बेटी ने बताया कि गांव के दो लड़कों ने बहाने से उसे गाड़ी में बिठाया और हिसार हाईवे पर एक अंजान जगह ले गए। वहां दोनों ने शराब पी और लड़की को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद दोनों ने गैंगरेप किया। होश आने पर पीड़िता घर लौटी। वारदात करीब 40 दिन बाद सामने आई जब आरोपी वीडियो-फोटो होने की बात कहकर ब्लैकमेल कर रहे थे और छोटे भाई को मारने की धमकी दे रहे थे।

## कुआं पूजन के दौरान गोली चलने से घायल

**बवानीखेड़ा।** गांव सज्जनपुर में गत 23 मार्च को कुआं पूजन के दौरान अचानक गोली चलने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल का उपचार हिसार के निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस ने घायल व्यक्ति के भाई के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नितिन पुत्र सुमेर वासी सज्जनपुर ने 112 पर कॉल करके सूचना दी कि गांव के ही संजय पुत्र सुभाष के पुत्र के कुआं पूजन के दौरान उसके भाई साहिल को अचानक गोली लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर गई और जांच की।

## 190 किलो चूरापोस्त केस में 10 वर्ष कैद

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमंत यादव की अदालत ने शुक्रवार को एनडीपीएस एक्ट के एक महत्वपूर्ण मामले में दोषी जगसीर उर्फ घुंघरू को 10 वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। उसकी पत्नी निशा को भी विभिन्न धाराओं में एक वर्ष कारावास की सजा दी गई। उसे 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। वहीं, इस मामले में नामजद सात अन्य आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया। जिला अटॉर्नी देवेंद्र मित्तल ने बताया कि यह मामला थाना रतिया में दर्ज एफआईआर नंबर 406 दिनांक 15 जुलाई 2016 से जुड़ा हुआ है। मामले के अनुसार 15 जुलाई 2016 को आरोपियों के कमरे के गुप्त तहखाने और कार से कुल 12 कट्टों में करीब 190 किलोग्राम चूरा-पोस्त और डोडा-पोस्त बरामद हुआ था।

# गैंगस्टर संदीप एनकाउंटर में सभी 5 पुलिसकर्मी बरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गैंगस्टर संदीप गाडौली के कथित एनकाउंटर मामले में मुंबई की सेशन कोर्ट ने शुक्रवार को सभी आठ आरोपियों को करीब 10 वर्ष बाद बरी कर दिया है। इनमें हरियाणा पुलिस के पांच जवान भी शामिल हैं। बेहद चर्चित रहे इन एनकाउंटर मामले में गैंगस्टर की दोस्त मॉडल दिव्या पाहुजा का नाम भी सामने आया था। जिसका गुरुग्राम के एक होटल में मर्डर हो चुका है।

संदीप गाडौली को 7 फरवरी 2016 को मुंबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक होटल में गुरुग्राम पुलिस की टीम के ऑपरेशन के दौरान गोली मार दी गई थी। उस समय पुलिस ने दावा किया था कि यह एनकाउंटर असली था। पुलिस ने कहा था कि गाडौली पर कई हत्याओं समेत 40 से ज़्यादा आपराधिक मामले दर्ज थे। वहीं, गाडौली के परिजनों ने इसे फर्जी एनकाउंटर करार देकर कार्रवाई की मांग की थी।

बरी किए गए लोगों में एनकाउंटर टीम के इंचार्ज प्रद्युम्न यादव, विक्रम सिंह, जितेंद्र यादव, दीपक काकरान, परमजीत अहलावत और सोनिया पाहुजा और वीरेंद्र गुर्जर के नाम शामिल हैं। दिव्या पाहुजा की मौत हो चुकी है।

## मौसम

## पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से एक बार फिर प्रदेश में बदल रहा मौसम

### बरसात से किसानों की बढ़ी चिंता, खेत व मंडी में फसल को नुकसान

# रेवाड़ी में तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी, नारनौल में बरसे बादल, अब 31 मार्च तक बरसात के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रदेश के कई जिलों में मौसम में वीरवार देर सायं एक बार फिर बदलाव आया। रेवाड़ी में तेज आंधी के साथ कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई। ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात ब्लैकआउट जैसे हालात बने रहे। वहीं, शुक्रवार को सुबह के समय आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर तक मौसम साफ हो गया। अधिकतम तापमान 4.1 डिग्री की कमी के साथ 31.6 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री बढ़कर 19.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

#### फसल कटाई का काम प्रभावित



**रेवाड़ी।** शुक्रवार शाम छाए काले बादल।

मौसम में बार-बार आने वाला बदलाव किसानों के लिए आफत साबित हो रहा है। बरसात से रात को फसल निकालने का कार्य थम गया। तेज आंधी के बाद बड़ी संख्या में बिजली के फीडर या तो ट्रिप कर गए या फिर उन्हें बंद कर दिया गया। देर रात तक इन फीडरों को चालू किया गया। तब तक कई गांवों में अंधेरा छाया रहा। लगभग आधा दर्जन फीडरों को सुबह के समय चालू किया गया। हल्की बरसात वाले एरिया में फसल निकालने का कार्य भी प्रभावित हो गया। इस समय फसल काटने और निकालने का कार्य तेजी से चल रहा है। बीच में मौसम का बदलाव इस कार्य में बाधा पैदा कर रहा है। बार-बार बादल छाने के बाद किसानों को बारिश की आशंका सताने लगती है। किसान जल्द से जल्द फसल निकालकर घरों या मंडियों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

#### नारनौल में अचानक आई तेज बरसात

नारनौल शहर में शुक्रवार शाम अचानक तेज बरसात ने मुख्य बाजार क्षेत्र की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। करीब सवा सात बजे आई इस तेज बारिश ने कुछ ही देर में मुख्य बाजार मार्ग को जलमग्न कर दिया, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**कल फिर बूंदाबांदी :** आसमान में बादलों के बीच रविवार को फिर से बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। अगले सप्ताह बारिश का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

#### बदलता रहेगा मौसम

प्रदेश में एक अप्रैल तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील बना रहेगा। 29 मार्च से 1 अप्रैल के बीच-बीच में आंशिक बादल छाए रहने, तेज हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है।

-**डॉ. मदन खीचड़**, एचएयू मौसम विभाग, हिसार

#### प्रदेश के 25 से 30 प्रतिशत हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इसके प्रभाव से हरियाणा के लगभग 25 से 30 प्रतिशत हिस्सों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम के तुरंत बाद एक और शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में सक्रिय होगा। इसके असर से 29 से 31 मार्च के दौरान हरियाणा और एनसीआर में मौसम में व्यापक बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान तेज हवाएं चलने के साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि कुछ स्थानों पर छिटपुट ओलावृष्टि भी हो सकती है। इन हालातों को देखते हुए किसानों को सावधान रहने की जरूरत है।

# पूर्व सांसद चौ. जंगबीर सिंह का 85 वर्ष की उम्र में निधन

- हरियाणा विकास पार्टी से 1991 से 96 तक भिवानी संसदीय सीट से लोकसभा सांसद रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



पूर्व सांसद चौधरी जंगबीर सिंह का 85 वर्ष की आयु में शुक्रवार दोपहर लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। जंगबीर सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे बीते अक्टूबर से लगातार बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री छोड़कर गए हैं। इस दौरान उनके बड़े बेटे कमल प्रधान व छोटे बेटे हरिकेश लगातार उनकी देखभाल में लगे थे। जंगबीर सिंह का जन्म तोशाम हलके के खरकड़ी (माखवान) गांव में एक मार्च 1941 को हुआ था। उन्होंने एमए व एलएलबी तक पढ़ाई की और फौज में भर्ती हुए। राज राइफ़ल में रहते उन्होंने 1962 व 1965 की चीन व पाक से लड़ाई में दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे।

इसके बाद वो राजनीति में आए और आपातकाल के दौरान 1975 से 77 तक दो साल हिसार जेल में रहे। जगबीर सिंह हरियाणा विकास पार्टी से साल 1991 से 96 तक भिवानी संसदीय सीट से लोकसभा सांसद भी रहे। बड़े बेटे कमल प्रधान ने बताया कि उनके पिता का अंतिम संस्कार 28 मार्च को सुबह 11 बजे तोशाम जुई रोड स्थित चौधरी रघुबीर सिंह फार्म हाउस पर पेट्रोल पंप के पास किया जाएगा।

# डीजल और एफटीए पर उत्पाद शुल्क से 1,500 करोड़ की होगी आय

# ईंधन शुल्क में बदलाव : सरकारी खजाने पर 15 दिन में 5,500 करोड़ रुपये का बोझ

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर की उत्पाद शुल्क कटौती और विमान ईंधन (एटीएफ) तथा डीजल के निर्यात शुल्क में बढ़ोतरी से पखवाड़े में शुद्ध रूप से 5,500 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा।

> सीबीआईसी के चेयरमैन चतुर्वेदी ने बताया

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को बताया कि उत्पाद शुल्क में कटौती से करीब 7,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा, जबकि डीजल तथा एटीएफ के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी से पखवाड़े में 1,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी।

## पेट्रोल पर कुल उत्पाद शुल्क 11.9 रुपये प्रति लीटर होगा

### कर 26 मार्च से प्रभावी

उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद पेट्रोल पर कुल उत्पाद शुल्क 11.9 रुपये प्रति लीटर होगा। इसमें 1.40 रुपये मूल उत्पाद शुल्क, तीन रुपये विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, 2.50 रुपये कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर और पांच रुपये सड़क अवसंरचना उपकर शामिल है। डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 26 मार्च से प्रभावी रूप से क्रमशः 21.5 रुपये प्रति लीटर और 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। इन दरों की समीक्षा हर पखवाड़े की जाएगी।




### घरेलू उपलब्धता को प्राथमिकता देना

चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि डीजल और एटीएफ पर निर्यात शुल्क लगाने का उद्देश्य '' डीजल व एटीएफ की घरेलू उपलब्धता को प्राथमिकता देना और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान से बढ़ी वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है।''

### अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में तेज उछाल

किसी भी (राजस्व) प्रभाव का आकलन देश में आने वाली वस्तुओं की वास्तविक आपूर्ति को ध्यान में रखकर ही करना होगा। पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क में यह कटौती अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेज उछाल के कारण तेल कंपनियों को हुए रिकॉर्ड नुकसान के बाद की गई है।

### उद्देश्य आम लोगों के लिए कीमतें न बढ़े

चेयरमैन ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की कम वसूली (अंडर-रिकवरी) को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों के लिए कीमतें न बढ़ें। चतुर्वेदी ने कहा, स्थिति गतिशील है।

### कच्चे तेल की कीमत इस माह 50 फीसदी बढ़ी

पेट्रोल और डीजल बनाने के कच्चे माल कच्चे तेल की कीमत इस महीने लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले तथा तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई से वैश्विक आपूर्ति बाधित हुई है। तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने के बावजूद पेट्रोल पंप पर कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

### तेल कंपनियों का रिकॉर्ड नुकसान हुआ

इससे तेल कंपनियों को रिकॉर्ड नुकसान हुआ, जिसका असर उनके कार्यशील पूंजी पर भी पड़ने लगा था। इस महीने की शुरुआत में ईरान युद्ध के तेज होने के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई।

# ईरान वॉर की टीवी, एसी व वाशिंग मशीन पर दोहरी मार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

गैस सिलेंडर की किल्लत से लेकर अब घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स तक पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के झटके आम आदमी की जिंदगी को हर मोर्चे पर झकझोर रहे हैं। दिल्ली में स्थित एशिया की सबसे पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार ओल्ड लाजपत राय मार्केट में जाकर जमीनी हकीकत टटोली। यहां टीवी से लेकर वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर तक के दाम अब अचानक से आसमान छू रहे हैं।

### आसमान छू रही इलेक्ट्रोनिक्स मशीनों की कीमतें

नागपाल ने कहा, ''यहां इस मार्केट में 'मेड इन इंडिया' प्रोडक्ट्स भी बिक रहे हैं, लेकिन उन प्रोडक्ट्स के रॉ मटेरियल की कमी से अब इलेक्ट्रॉनिक गुड्स में 5 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। चाहे वो एलईडी टीवी हो, ऑडियो सिस्टम, वॉशिंग मशीन, फ्रिज या फिर एसी हर चीज पर असर पड़ा है और अभी तो ये सिर्फ शुरुआत है। असली झटका 1 अप्रैल के बाद आएगा आम जनता पर।'' नागपाल ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि, ''मेरा माल अगर चीन, ताइवान या दुबई में पड़ा है तो उसे लाने का खर्चा पहले 2 लाख रुपए कंटेनर आता था जो अब 3 लाख रुपए में आ रहा है। इसकी प्रभावी लागत सीधे जो सामान आ रहा है उस पर पड़ रही है। सबसे दर्द की बात ये है कि हमारा मिडिल ईस्ट में एक्सपोर्ट पूरी तरह से ठप हो चुका है। वहां के कस्टमर ही नहीं हैं। वहां बाजार बंद पड़े हैं और इलेक्ट्रिक इंडस्ट्री का करीब 4.5 बिलियन डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक सामान रुका पड़ा है।'' बाजार के वाइस प्रेसिडेंट सुरेंद्र आडवाणी ने कहा, 'हमारे कंटेनर अब युद्ध क्षेत्र से बड़ी मुश्किल से घूम-घूम कर आ रहे हैं। ट्रांसपोर्टेशन चार्ज बढ़ गया है।

### ईरान से कोई कच्चा तेल नहीं खरीदाः रिलायंस

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसने ईरान से कोई कच्चा तेल नहीं खरीदा है। रिलायंस ने बयान में ईरान से तेल खरीदने की खबरों को पूरी तरह निराधार और गलत बताया। कंपनी ने कहा कि वह 'ईरान से कच्चे तेल की खरीद से संबंधित हाल के मीडिया रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज करती है।' रिलायंस ने कहा कि कंपनी ने अमेरिका के ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटाने के बाद से उसने ईरान से कच्चा तेल नहीं खरीदा है। ये प्रतिबंध ईरान-इजराइल युद्ध के बाद कीमतों पर पड़े दबाव को कम करने के लिए हटाये गए हैं। ईरानी तेल की खरीद फिर से शुरू करना तकनीकी-व्यावसायिक व्यवहारिकता पर आधारित होगा।

**उत्तर रेलवे**

**खुला निविदा एन0आई0टी0 नं0 17/2025–26 दिनांक: 19.03.2026 का शुद्धिपत्र संख्या 01**

खुली निविदा जो कि वरि0 मंडल सिगनल एवं दूर संचार अभियंता, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से एन0आई0टी0 17/2025–26 दिनांक: 19.03.2026 के द्वारा मांगी गई थी वह है टेंडर नं०:– 40/2025–26, 41/2025–26, 42/2025–26, 43/2025–26 जो कि दिनांक: 14.04.2026 को खुलनी थी लेकिन प्रशासनिक कारण के कारण से अब दिनांक: 22.04.2026 को खुलेंगी।
उपरोक्त सभी टैंडरों की नियम व शर्तें समान रहेगी।
उपरोक्त निविदाओं के सभी डाक्यूमेंटस वेब साईट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। नं0 एस0डब्लू–सिग/अम्बाला/एन0आई0टी0/17/कोरिजैडम–01/2025–26 दिनांक: 26.03.2026 1033/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Happy and Healthy Child-Nation's Pride**
**हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद**
**जिला शाखाः रेवाड़ी**

**विज्ञापन विवरण :-**

तहसील परिसर, रेवाड़ी में स्थित कम्प्युटर दुकान को किराये पर देने के लिए खुली बोली दिनांक 30.03.2026 को साँय 3.00 बजे बाल भवन, रेवाड़ी में होगी। दुकान की बोली 46200/- रूपये मासिक किराया जीएसटी अलग से शुरू की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन दिनांक 30.03.2026 को प्रातः 10.00 बजे तक बाल भवन, मॉडल टाऊन, रेवाड़ी कार्यालय में 20000/- रूपये अमानत राशि के बैंक ड्राफ्ट (जिला बाल कल्याण परिषद, रेवाड़ी के नाम से) या नगद जमा करवाकर भाग ले सकता है। नियम एवं शर्तें कार्यालय **web site:wwwdccwrewari.com.** पर उपलब्ध हैं।

हस्ता/-जिला बाल कल्याण अधिकारी। रेवाड़ी।

# सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़का, निफ्टी भी गिरा

## वैश्विक अनिश्चितताओं व कच्चे तेल में तेजी के कारण गिरावट

**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने के संकेत के अभाव में बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपये में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25 प्रतिशत गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,739.04 अंक टूटकर 73,534.41 तक पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कुल शेयरों में से 3,544 शेयरों में गिरावट, 822 में बढ़त और 135 शेयर स्थिर रहे। एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 486.85 अंक यानी 2.09 प्रतिशत गिरकर 22,819.60 पर बंद हुआ। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी दिवस वाले सप्ताह में, बीएसई सेंसेक्स 949.74 अंक टूटा और निफ्टी 294.9 अंक नीचे आ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, /''अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण निवेशकों की धारणा कमजोर रही। इस संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार चली गईं। लगातार विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रुपये में गिरावट ने जोखिम लेने की क्षमता और कम कर दी। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे ज्यादा 4.55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, उसके बाद इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इटरनल और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन में बढ़त दर्ज की गई। बीएसई मिडकैप सिलेक्ट सूचकांक में 2.12 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि स्मॉलकैप सिलेक्ट सूचकांक 1.77 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.72 प्रतिशत बढ़कर 109.9 डॉलर प्रति बैरल हो गया। रुपया 86 पैसे कमजोर होकर 94.82 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

## टेक महिंद्रा का बुनियादी ढांचे के लिए आईआईटी बॉम्बे से करार

**मुंबई (एजेंसी)।** टेक महिंद्रा ने शुक्रवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाने की घोषणा की। इसके तहत सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी आईआईटी के जिमखाना बिल्डिंग में 'स्मार्ट' बुनियादी ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से 3डी डिजिटल ट्विन बनाएगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी का लक्ष्य डिजिटल प्रौद्योगिकियों के जरिए बुनियादी ढांचे का विकास करना और संस्थान के भीतर नवाचार की गति को तेज करना है। '3डी डिजिटल ट्विन' का मतलब किसी वास्तविक भवन या ढांचे की डिजिटल दुनिया में बनाई गई ऐसी आभासी प्रति से है, जो उसके स्वरूप के साथ-साथ उसकी स्थिति और कामकाज की जानकारी भी देती है। बयान के अनुसार यह प्रणाली परिसर की निगरानी को बेहतर बनाएगी और वास्तविक समय में जानकारी उपलब्ध कराएगी।

**सूचना**

मैं, राम रति पत्नी श्री हरी लाल निवासी मकान नं. 59/1500/22, वार्ड नं. 30, महिला आश्रम, जिला रोहतक, हरियाणा-124001 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सुनील कुमार व पुत्रवधु काजल निवासी मकान नं. 59/1500/22, वार्ड नं. 30, महिला आश्रम, जिला रोहतक, हरियाणा-124001 मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**COURT NOTICE**

IN THE COURT OF
**Dr. Aman Inder Singh**
Civil Judge (Senior Division), Kaithal
**Krishna Devi @ Kanchan Devi etc**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRKH02-000252-2026
Next Date of Hearing: 18.04.2026 at 10:00 A.M.

**Petition for grant of succession certificate u/s 372, 373 of Indian Succession Act**

**Notice to: Respondent 1) General Public**
In the above mentioned petition, the **Respondent i.e. No. 1) General Public,** could not served. Thus, it is ordered that **the Respondent i.e. No. 1)** General Public should appear in person or through counsel on 18.04.2026 at 10:00 A.M.
**For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=kaithal**

Sd/- Dr. Aman Inder Singh
Civil Judge (Sr. Div), Kaithal
20.03.2026

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Dhiraj Yadav**
Civil Judge (Junior Division),
CS/294/2023
**MAHENDER**
**Vs.**
**PARVEEN DEVI**
CNR No. HRJRA0-000583-2023
Next Date : 23.04.2026

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1 Jagat, 2. Shanti Ds/o Bishamber, 3. Bhagwan Devi 4. Bimla 5. Kamla 6. Geeta Ds/o Mange S/o Ram Sarup :-ALL R/o Village Dulhera Teh Bahadurgarh**

In above ttled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **23.04.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*

Sd/- Civil Judge (Junior Division),
Dated, this day of 23.03.2026

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटा

**मुंबई (एजेंसी)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार घटा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.13 अरब डॉलर बढ़कर 557.69 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 13.49 करोड़ डॉलर घटकर 117.19 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.63 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार इस दौरान 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.83 अरब डॉलर हो गया।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला (एचएसएसपीपी) | डीईई के तहत महेन्द्रगढ़ जिले में जीएमएस धोली में चारदिवारी की मरम्मत और 1 कन्या शौचालय, 1 लड़कों का शौचालय का निर्माण, जीपीएस कुकसी में चारदिवारी को ऊपर उठाना, जीपीएस सिगरा में चारदिवारी को ऊपर उठाना, जीपीएस अनावास में नई चारदिवारी का निर्माण। (सी.एम. घोषणा सं. 28508, 28511, 28509 और 28514) (द्वितीय बार आमंत्रण) समय सीमा :- 4 माह + 2 कार्य। | 25.03.2026 02.04.2026 | रु. 1,27,44,543/- | www.hsspp.in | 9463239081 divbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/44247/I/88/6 दि. 27.03.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | स्कोप (एनएसआई) के अनुरूप 66 केवी सब स्टेशन जलखेरी का (2×12.5/16 एमवीए) से (1×12.5/16 एमवीए जमा 1×25/31.5 एमवीए) तक 66/11 केवी टी/एफ का संवर्धन। | 25.03.2026 02.04.2026 | रु. 7,73,230/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन करीवाला, सिरसा में चारदिवारी का निर्माण। | 26.03.2026 09.04.2026 | रु.1,34,37,429/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/44246/I/88/6 दि. 27.03.26

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 120 दिनांक 26.03.2026 धारा 126 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**
नाम- प्रीति
पिता/पति- प्रवीन
पता- निवासी मकान नं. 2734/31 अंबेडकर कालोनी जिला रोहतक
उम्र- 27 वर्ष ।
कद - 5 फुट 2 इंच ।
हुलिया- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर।
पहनावा- पिंक रंग की टी-शर्ट, ग्रे रंग SHORT पहने हुए है।



दिनांक 26.03.2026 को प्रीति
पिता पति- प्रवीन
पता - निवासी म0न0 2734/31 अंबेडकर कालोनी जिला रोहतक
बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3 अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 9466048800
पीआरडीएच-1084/11/4620/2026/44241/88/6 दि. 27.03.2026

**कार्यालय पुलिस अधिक्षक रेवाड़ी**

**मुकदमा न. 53 दि.20.03.2026 U/S -127(6) BNS थाना कोसली जिला रेवाड़ी।**

**गुमशुदा का पहचान**
नाम-भुपेश कुमारी पत्नी शिवदास निवासी हुमांयुपुर हाल पता नजदीक हैप्पी स्कूल रे. स्टे. कोसली थाना कोसली
जिला रेवाड़ी
उम्र-43 वर्ष
कद-5.फुट 2 ईंच
हुलिया - रंग गेहुआ, गोल चेहरा, हृष्ट पुष्ट शरीर, जिसने बाएं हाथ पर अंग्रेजी में BHUPESH & SUDESH नाम खुदवाया है। जिसने लाल सूट, सूती चुन्दडी व चप्पल पहने हुए है। दि. 12.03.2026 से घर से



लापता है जिस संबध मे FIR NO.53 दि.20.03.2026 U/S 127(6) BNS थाना कोसली दर्ज रजिस्टर किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग पता नहीं चला है। यदि किसी थाने मे या किसी व्यक्ति को इस बारे मे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर फोन करके सूचित करे।
पर्क न. -
1. अनुसधानकर्ता -9050045683
2. प्रबंधक अफसर कोसली-7056666129
3. थाना कोसली जिला रेवाड़ी-01259-275109
4. पुलिस कट्रोल रुम रेवाड़ी-01274-225156,9306952004
पीआरडीएच-1084/11/4634/2026/44262/88/6 दि. 27.03.2026

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## चांदी 11,250 रुपये प्रति किलो फिसली सोने में 1,900 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कीमती धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की गिरावट आई। चांदी 11,250 रुपये लुढ़ककर 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही, जबकि सोना टूटकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत लुढ़ककर 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बुधवार को बाजार बंद होने के समय 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम थी। राम नवमी के कारण बृहस्पतिवार को सर्राफा बाजार बंद थे। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये, यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 37.19 डॉलर, यानी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,416 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 0.23 प्रतिशत बढ़कर 68.12 डॉलर प्रति औंस पर थी। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच सस्ती कीमतों पर लिवाली के चलते सोना लगभग 4,420 डॉलर प्रति औंस तक चढ़ गया, लेकिन बाद में वैश्विक बाजारों में तेल की कीमतों में सुधार आने से इसकी बढ़त कम हो गई।

## शब्द पहेली - 6178




**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 6177 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |



## सीएम ममता बनर्जी के आपत्तिजनक वीडियो मामले में कड़ा एक्शन

# पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, बीएनएस और आईटी अधिनियम के तहत की जा रही है जांच

शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हुए हैं, जिनमें सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणियां की गई हैं। आरोप है कि इन वीडियो को जानबूझकर प्रसारित किया गया, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के खिलाफ कथित तौर पर अश्लील और अपमानजनक वीडियो प्रसारित किए जाने के मामले में कोलकाता के शेक्सपियर सरणी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई की है। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हुए हैं, जिनमें सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणियां की गई हैं। आरोप है कि इन वीडियो को जानबूझकर प्रसारित किया गया, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि वीडियो में की गई टिप्पणियां न केवल अश्लील और अपमानजनक हैं, बल्कि इससे सांप्रदायिक तनाव और हिंसा भड़कने की भी आशंका है। मामले में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कुल 16 धाराएं लगाई गई हैं। हालांकि, किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और वीडियो के स्रोत तथा प्रसार की कड़ी तलाश कर रही है।

वीडियो से छवि खराब करने और तनाव भड़काने का आरोप


पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी

### ममता का भाजपा पर हमला

## यह चुनाव कौरवों के साथ पांडव की लड़ाई

सीएम बेनर्जी ने बर्द्धमान के पांडवेश्वर और बीरभूम जिले के दुबराजुर में दो चुनावी सभाओं को संबोधित किया। ममता ने भाजपा और चुनाव आयोग पर जमकर शब्दवाण चलाए। उन्होंने टीएमसी को पांडव व भाजपा को कौरव बताया। सीएम ने कहा कि मेरे हाथ से सब पावर छीन लिया है, भाजपा की जो इच्छा हो रही है, वह कर रही है। इस जगह का नाम पांडवेश्वर है, जो कि पांडवों से जुड़ा हुआ स्थान है। यह चुनाव भी महाभारत की ही तरह कौरवों और पांडवों की लड़ाई है। वे लोग (भाजपा) खुद लूट करते हैं, झूठ बोलते हैं। मैं सीएम के रूप में वेतन भी नहीं लेती, किसी के पैसे की चाय नहीं पीती, फिर भी मुझे चोर कहते हैं।

## सुभेंदु ने निकाली रामनवमी पर शोभायात्रा

भाजपा नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुभेंदु अधिकारी ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले में स्थित अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में इस क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थित गुंडों द्वारा ऐसी रैलियों पर हमले किए जाते थे। शोभायात्रा के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अधिकारी और शोभायात्रा में शामिल अन्य लोगों को पानी, मिठाई और फल भेंट करते हुए देखे गए। सुभेंदु ने कहा कि रामनवमी रैली का स्वागत करने वाले राष्ट्रवादी मुसलमानों और सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े कट्टरपंथियों के बीच अंतर स्पष्ट है।



## 127 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी

तमिलनाडु में विपक्षी दल



अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

## निर्वाचनकर्मी वाले शिक्षक का सिर फटा

नदिया जिले के राणाघाट में एक चुनावी प्रशिक्षण शिविर एक निर्वाचन कर्मी शिक्षक को जमकर पीटा गया। प्रशिक्षण लेने आए एक शिक्षक का सिर फटने और गंभीर चोटें आने के बाद सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

### क्राइम की श्रेणी से बाहर हुए 'छोटे'

# लोकसभा में पेश हुआ जन विश्वास विधेयक, कारोबार होगा 'आसान'


लोकसभा की कार्यवाही

79 केंद्रीय कानूनों के कुल 784 प्रावधानों में बदलाव प्रस्तावित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। इसका मकसद छोटे-मोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना और नियमों आसान बनाना है। इससे कारोबार करना आसान हो सकेगा। विधेयक को वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। इसमें चयन समिति की सिफारिशों को शामिल किया गया है। जितिन प्रसाद ने कहा कि इस विधेयक पर विस्तार से चर्चा की गई है। इसमें केवल छोटे अपराधों को ही अपराध की श्रेणी से हटाया जा रहा है।

## विधेयक भ्रष्टाचार को देगा बढ़ावा

कांग्रेस सांसद के. काव्या और जी.के. पडवी ने विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है। पडवी ने सरकार से विधेयक को प्रवर समिति के पास वापस भेजने या संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह एक प्रशासनिक चूक है। विधेयक मनमाना है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। इस पर पुनः विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रवर समिति की रिपोर्ट में भी विधेयक के प्रावधानों को लेकर असहमति जताई गई है। पडवी ने कहा कि इसमें न्यायिक निगरानी की कमी है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का हनन करता है।

## प्रयागराज-कानपुर हाईवे ट्रॉला से भिड़ा पिकअप वाहन, 8 की मौत



**कौशांबी।** प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर सैनी क्षेत्र के डोरमा गांव के सामने पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्राला में अनियंत्रित पिकअप भिड़ गया। इस हादसे में 8 की मौत हो गई। एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए। होने की सूचना है। पिकअप सवार सभी लोग मुंडन संस्कार में शामिल होने प्रयागराज के संगम गए थे।

## ईडी ने जब्त की 19.12 करोड़ की संपत्ति

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने एनएसईएल केस में बड़ी कार्रवाई की है। 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। ईडी ने 19.12 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को अस्थाई रूप से जब्त कर लिया गया है। इस केस में 13000 निवेशकों को लगभग 5600 करोड़ रुपए का चूना लगाया गया है। ईडी ने इस मामले की जांच के दौरान अभी तक कुल 3452 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की हैं।

## सेल्फी लेते तुंगभद्रा नदी में दो महिला सहित 4 डूबे

**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के कोसिगी में शुक्रवार को तुंगभद्रा नदी में दो महिलाओं सहित चार लोग डूब गए। येम्मिगनूर के उपमंडल पुलिस अधिकारी एन बरघावी ने बताया कि चारों एक शादी में शामिल होने आए थे और नदी में चले गए जहां वे डूब गए। दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। वे नदी में गए थे और सेल्फी लेते समय वे डूब गए। पुलिस के अनुसार, दोपहर लगभग दो बजे हुई इस घटना के समय लगभग 10 लोग मौजूद थे।

### लोकसभा में नड्डा ने आश्वस्त किया

# उर्वरक का पर्याप्त भंडार घबराने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में कहा कि देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडारण है और इसे लेकर अफरा-तफरी कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार की तरफ से देश की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जहां तक उर्वरक का सवाल है तो सरकार ने इसकी पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सरकार पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी योजना के तहत क्षमता विस्तार को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे पास पर्याप्त भंडारण है और किसानों को जितनी खाद की जरूरत होगी, उपलब्ध कराई जाएगी। जॉर्डन, सऊदी अरब और कई अन्य देशों के साथ दीर्घकालिक समझौते कर रहे हैं। पिछले 10 साल में यूरिया का उत्पादन 230 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 315 लाख मीट्रिक टन हो गया है। नड्डा ने कहा कि उर्वरक कंपनियां 59.65 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) की संयुक्त वार्षिक क्षमता वाले नए डीएपी/ एनपीके संयंत्रों के साथ-साथ 44.21 एलएमटी की क्षमता वाले फॉस्फोरिक और सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र स्थापित कर रही हैं। 7.24 एलएमटी हरित अमोनिया की खरीद का प्रावधान किया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद में जानकारी दी है कि बीएसएनएल अपने नेटवर्क को और अधिक मजबूत बनाने के लिए 50,000 से 60,000 नए मोबाइल टावर लगाने की योजना बना रही है।



## चिंतन

# परिस्थितियां कठिन लेकिन भरोसा रखें

वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है, खासकर पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और सप्लाई चेन पर। हालांकि, हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह सरकार पर भरोसा रखने का समय है। सबसे पहले यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि देश में पेट्रोल, डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है। सरकार और संबंधित मंत्रालयों ने बार-बार यह आश्वासन दिया है कि सभी रिफाइनरी 100 प्रतिशत क्षमता से काम कर रही हैं और सप्लाई चेन को सुचारू बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। एलपीजी के उत्पादन में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार स्थिति को संभालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। हाल के दिनों में कुछ अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, जिससे लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना, लेकिन यह समझना जरूरी है कि ऐसी अफवाहें ही असली समस्या को बढ़ाती हैं। जब लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन या गैस खरीदने लगते हैं तो सप्लाई पर दबाव बढ़ता है और अस्थायी संकट पैदा हो सकता है। इसलिए नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना काल के संदर्भ में दी गई टिप्पणी को भी कुछ लोगों ने गलत तरीके से प्रस्तुत किया। उनका उद्देश्य केवल यह बताना था कि उस समय लॉकडाउन एक विशेष परिस्थिति में लगाया गया था, जबकि वर्तमान हालात उससे अलग हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मंत्रियों ने भी इस बात की पुष्टि की है, जिससे स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाती है। कोरोना काल में लोग एक-दूसरे के संपर्क में न आएं, इसलिए लॉकडाउन लगाया गया था। अब ऐसे हालात नहीं हैं, इसलिए लॉकडाउन नहीं होगा। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन लोग घबराएं नहीं, पैनिक न हों, सरकार पर भरोसा रखें। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। जहां पहले यह लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थी, वहीं अब 110 डॉलर के पार पहुंच चुकी है। इसका सीधा असर तेल कंपनियों पर पड़ा है, जिन्हें प्रति लीटर 30 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा था। ऐसे में कीमतें बढ़ना तय माना जा रहा था, लेकिन सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती कर जनता को राहत दी है। पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये की कटौती से कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिली है। शुरुआत में कमर्शियल उपयोग के लिए सप्लाई कम की गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर लगभग 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। भारत की कूटनीति भी इस कठिन समय में एक मजबूत स्तंभ के रूप में सामने आई है। रूस, अमेरिका, ईरान और अर्जेंटीना जैसे देशों के साथ संवाद स्थापित कर भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को संतुलित किया है। यह दिखाता है कि देश केवल आंतरिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सक्रिय और सक्षम है। इन सभी प्रयासों के बावजूद यह मानना होगा कि परिस्थितियां पूरी तरह आसान नहीं हैं। वैश्विक संकट का प्रभाव किसी न किसी रूप में पड़ता ही है, लेकिन ऐसे समय में सबसे महत्वपूर्ण है जनता का धैर्य और सरकार पर विश्वास। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन विश्वास और संयम से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।



मुद्दा
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# इच्छा मृत्यु की जीत से उपजे सवाल

> दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुन: सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

दिल्ली में 2014 से जीवन व मृत्यु की जंग लड़ रहे हरीश हार गए और इच्छा-मृत्यु जीत गई। इस जीत ने मानवाधिकार को हरा दिया। दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। गीता के अनुसार, जातस्य ही ध्रुवो मृत्युः ध्रुव जन्म मृतस्य च। जिसका तात्पर्य है कि जन्म के बाद मृत्यु है, मृत्यु के बाद नया जन्म ध्रुव सत्य है। इसलिए जन्म और मृत्यु के सौंदर्य को भारतीय मानस उत्सव का स्वरूप प्रदान करता है। भारतीय मानस की कल्पना है कि जीवन आनंदमय है और मृत्यु भी आनंदोत्सव के रूप में वरेण्य है। जैन, बौद्ध, हिन्दू और लगभग सभी धर्मों ने कुछ न कुछ इस प्रकार की चर्चा अपने धर्मशास्त्रों में की। किंतु फिर भी जन्म तो उत्सव के रूप में खूब स्वीकार्य रहा। मृत्यु शोक, जीवन-इच्छा से विरक्ति एवं अवसाद के रूप में ही ज्यादा समझी गई। अपनों के जाने का शोक, अपनों से बिछुड़ने का शोक और फिर कभी न मिल पाने का शोक इतना जल्दी स्वीकार नहीं हो पाता और न ही इसे कोई उत्सव के रूप में मनाता है।

बहुत पहले की बात है, मेरे नाना के पिता 140 वर्ष के हो गए थे। तीन पेंशन उन्हें मिलती थी। हर महीने आईबी के लोग यह पता करने आते थे कि यह पेंशन कोई और तो नहीं ले रहा है। लेकिन हर महीने वे ज़िंदा मिल जाते थे तो जांच अधिकारी कुछ भी कहे बगैर चले जाते थे। मेरे नानाजी की मृत्यु भी 115 वर्ष में हुई। उनके पिताजी की मृत्यु हो ही नहीं रही थी तो पण्डितों से पूछा गया कि उनकी मृत्यु कैसे होगी। शरीर बूढ़ा और कमजोर हो गया था, लेकिन मृत्यु नहीं हो रही थी। मुझे बताया गया कि पंडितों ने कहा कि इनकी मृत्यु यहां होगी ही नहीं। यदि इन्हें ज़िंदा बनारस ले जाया जाए तो काशी में कुछ समय बाद इनकी मृत्यु हो सकती है। कहते हैं कि उन्हें जीते जी उत्सव के साथ गाजा-बाजा के साथ हाथी के जुलूस के साथ ज़िंदा कफन सहित बड़ी तादात में लोग हज़ारों लोग काशी के लिए बिदा करके आए और वहां सवा महीने रहने के बाद उनकी मृत्यु हुई। अखबारों में उनकी मृत्यु के विषय में लिखा गया। लोग कहते हैं कि मृत्यु आए तो इतनी जल्दी से आ जाए। न आए तो वर्षों की प्रतीक्षा। कौमा में पड़े व्यक्ति के जीवन का भी क्या? ज़िंदा लाश, जी भी रहा है तो उससे परिवार, सगे-संबंधियों को केवल रोज मरना व जीना पड़ता है।

अपनी सुध खोया हुआ, मृत-प्राय मनुष्य को तो कुछ पता भी नहीं होता। मृत्यु के नखरे के साथ जूझते लोग और उनके परिजन और डॉक्टर ऐसी स्थितियों में अनिर्णीत स्थितियों में जीने को विवश होते हैं। निर्णय क्षमता की परीक्षा बहुत ही कठोर होती है। ऐसी ही कुछ स्थितियां तेरह वर्ष से अधिक समय से कोमा में पड़े हरीश राणा और उसके परिवार व चिकित्सकों की थी। अब हरीश नहीं हैं। प्रेक्षक यह स्वीकार कर रहे हैं कि परिजन व चिकित्सक को बहुत बड़ी राहत मिली है अब और सबसे अधिक राहत उस दिवंगत आत्मा को मिली होगी जो इतने लंबे समय से एक शरीर में कुछ कैद, कुछ उलझी हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने भारतीय



बहस, चिंतन के पुराने निर्णय को ही स्वीकार किया है। संविधान ने व्यावहारिक रूप से यह सुविधा अब दी है, जबकि शास्त्रों ने पहले से ही ऐसी स्वीकृति दी थी। जीवन की परीक्षा किसी शरीर के लिए नरक न बन जाए, और मृत्यु एक कहानी न बन जाए, इसके लिए भारत वर्ष में बहुत पहले से ही विचार होते रहे हैं।

इच्छा-मृत्यु फिर भी सहजता से स्वीकारी नहीं जा सकती। यह हरीश व उनके परिजनों का संघर्ष बताता है। नीदरलैंड ने 2002 में सबसे पहले इच्छा-मृत्यु को मान्यता दी थी। विश्व का प्रथम ऐसा प्रावधान करने वाला नीदरलैंड, जिसने दुनिया में नई बहस को छेड़ दिया था। बेल्जियम में कुछ मानसिक अवसाद में जीने वाले लोग जब इच्छा मृत्यु मांगने लगे तो बेल्जियम ने भी प्रावधान कर दिया, लेकिन उसकी शर्त यह थी कि हम इच्छा मृत्यु को लीगल रूप से प्राप्त करने के पक्ष में हैं। अगर इस तरह की गतिविधियों में यदि किसी की संलिप्तता पाई गई तो तीन साल तक कि सजा भी होगी। फिर ऐसी मान्यताएं ऑस्ट्रिया, कोलंबिया, स्विट्जरलैंड और दूसरे कई देशों में मिलीं। लक्जमबर्ग, अमेरिका व जर्मनी में भी ऐसी अनेक इच्छा मृत्यु के लिए कोशिशों ने अपनी कानूनी मान्यता प्राप्त कर लीं। यह मान्यताएं भी पूरे विश्व में अपना असर दिखाने लगी हैं। भारी संख्या में विश्व भर में इच्छा-मृत्यु के लिए मिले आवेदन हैरान कर देने वाले हैं। अब दुनिया में अवसाद बढ़ रहे हैं।

भूख और गरीबी भी है। शरणार्थियों के अपने घर नहीं हैं और न ही उनकी नागरिकता। ऐसे में वे भी अपने जीवन से तंग आकर यदि इच्छा मृत्यु की मांग करने लगे तो क्या होगा? भारत में जिन बुजुर्गों की सेवा करने वाले नहीं होते। जिन्हें अपने बच्चे किसी आश्रम में छोड़ जाते हैं या अपमानजनक स्थिति में पहुंचा देते हैं, उनके मन व मस्तिष्क में बरबस आता है, ऐसा कि हे भगवान! हमें उठा लो। सोचिए अगर वे अपने जीवन से मुक्ति की मांग आवेदन देकर करने लगेंगे तो क्या होगा? भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने जिस पैसिव यूथेनेसिया को मान्यता दी है उससे जीवन व मृत्यु से जूझते लोगों व उनके परिजनों को कितनी राहत मिली, पता नहीं लेकिन भारत भी इसके लिए राजी हो ही गया और थोड़ा अलग तरह से राजी हुआ। माना कि यह वैज्ञानिक युग है। साइंटिफिक आविष्कारों ने जीवन को दीर्घजीवी बना दिया है। कृत्रिम ढंग से जीने की भी सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। हमारा जीवन गरिमामय हो, अर्थपूर्ण हो। मृत्यु भी गरिमामय मनुष्य चाहता है लेकिन मृत्यु का पैमाना कहीं अनेक जीवन को खो देने से न निर्धारित होने लगे, इसके लिए इच्छा मृत्यु पर खुली छूट भी तो नहीं दी जा सकती। हम जीवन से खेलने के आदी न हो जाएं, इसके लिए भी यह छूट नहीं दी जा सकती।

जैन धर्म में भी कुछ प्रथाओं पर इस वजह से प्रश्न खड़ा किया जाता रहा है। दूसरे धर्मों में भी ऐसी चीजें जो अपना आकार ले रही थीं, उन पर समय-समय पर चिंता व्यक्त की जाती रही है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

( लेखक सीयूपी बठिंडा में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## संसाधन

बलकार सिंह पूनिया



# ऊर्जा संकट और गांवों की ओर लौटता समाधान

वर्तमान ऊर्जा संकट केवल ईंधन की उपलब्धता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास मॉडल की बुनियादी कमजोरियों को उजागर करता है। लंबे समय से अपनाया गया शहर-केंद्रित विकास ढांचा सुविधाओं और उपभोग पर आधारित रहा है, जिसने जीवन को आधुनिक तो बनाया, परंतु उसे बाहरी संसाधनों पर अत्यधिक निर्भर भी कर दिया। परिणामस्वरूप, गैस, बिजली या अन्य ऊर्जा स्रोतों में थोड़ी-सी बाधा भी शहरी जीवन को असंतुलित कर देती है। रसोई से लेकर परिवहन और दैनिक आवश्यकताओं तक सबकुछ प्रभावित हो जाता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि आधुनिक शहरी व्यवस्था जितनी आकर्षक है, उतनी ही संवेदनशील और अस्थिर भी है। इसके विपरीत, भारतीय गांवों की जीवन-शैली आज भी आत्मनिर्भरता, स्थानीय संसाधनों और सामुदायिक सहयोग पर आधारित है। गांवों में व्यक्ति केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादन प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार होता है। यही कारण है कि संकट के समय गांव अधिक लचीले और टिकाऊ साबित होते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर हुआ पलायन इस सत्य का प्रमाण है कि जब शहरों की सीमाएं सामने आती हैं, तब गांव ही सुरक्षा और स्थिरता का आधार बनते हैं।

ऊर्जा के संदर्भ में यदि देखा जाए तो गांवों के पास अनेक ऐसे विकल्प हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर बना सकते हैं। बायोगैस इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। पशुओं के गोबर, कृषि अवशेष और जैविक कचरे से तैयार की जाने वाली यह ऊर्जा न केवल स्वच्छ और सस्ती है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से गांव अपनी ऊर्जा जरूरतों को स्थानीय स्तर पर पूरा कर सकते हैं, जिससे एलपीजी जैसी बाहरी निर्भरता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, इस प्रक्रिया से प्राप्त जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है और रासायनिक उर्वरकों पर होने वाले खर्च को कम करती है। इस प्रकार बायोगैस केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि एक समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बन सकती है। इसी प्रकार सौर ऊर्जा भी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संभावना प्रस्तुत करती है। भारत की भौगोलिक स्थिति सौर ऊर्जा के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि गांवों में सोलर पैनल, सोलर पंप और माइक्रो-ग्रिड जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा दिया जाए तो न केवल ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि एक विकेंद्रीकृत और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र भी विकसित हो सकेगा। यह मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगा। फिर भी, समस्या केवल तकनीकी समाधान की नहीं है, बल्कि नीतिगत दृष्टिकोण की भी है। अब तक की विकास नीतियों में गांवों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली, जिसके कारण स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा हुई है।

आवश्यकता इस बात की है कि विकास की दिशा को पुनः परिभाषित किया जाए और गांवों को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास के केंद्र के रूप में स्वीकार किया जाए। इसके लिए पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना होगा, ताकि वे ऊर्जा उत्पादन और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं की भूमिका इस परिवर्तन में अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। वे घरेलू संसाधनों के प्रबंधन की धुरी होती हैं और यदि उन्हें बायोगैस, सौर ऊर्जा और अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे न केवल परिवार की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं, बल्कि "ऊर्जा उद्यमी" के रूप में उभरकर अतिरिक्त आय और रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। अंततः यह स्पष्ट है कि ऊर्जा संकट का समाधान केवल आयात बढ़ाने या सब्सिडी देने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाने में निहित है। इसके लिए आवश्यक है कि स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए, विकेंद्रीकृत ऊर्जा मॉडल को अपनाया जाए और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जाए।

आज समय की मांग है कि "गांवों की ओर लौटने" की अवधारणा को केवल भावनात्मक अपील न समझा जाए, बल्कि इसे एक व्यावहारिक और दूरदर्शी रणनीति के रूप में अपनाया जाए। क्योंकि एक आत्मनिर्भर, संतुलित और संकट-प्रतिरोधी भारत का निर्माण तभी संभव है, जब गांवों की शक्ति, उनकी आत्मनिर्भरता और उनके संसाधन-आधारित जीवन मॉडल को विकास की मुख्यधारा में स्थान दिया जाए।

( लेखक इग्नू नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## संस्कार क्या है?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्ध में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछाः माँ मैं बहुत बलवान हूँ, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोलीः बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और माँ से बोलाः माँ मैं इसका बदला लूंगा। माँ ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुंचाये, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली। *एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्व पर ले गया। युद्व लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया।* इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछाः माँ आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्व के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोलीः बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी माँ का ही तो अंश है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बातचीत से सुलझाएं अमेरिका-ईरान युद्ध

अनिश्चित भविष्य वाला युद्ध केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं होता, बल्कि यह राजनीति, अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मानवता, सभी को गहराई से प्रभावित करता है। अमरीका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक भू-राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक तंत्र की विफलता का एक जटिल उदाहरण बन चुका है। युद्धविराम के प्रस्ताव पर जिस तरह दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के प्रति अविश्वास दिखाया, उससे स्पष्ट है कि संवाद की बुनियाद ही कमजोर है। अमरीका द्वारा प्रस्तुत 15 सूत्रीय प्रस्ताव को ईरान ने खारिज करते हुए अपनी शर्तें सामने रख दीं, जो यह संकेत देता है कि दोनों देशों के बीच कोई प्रभावी बैक-चैनल वार्ता नहीं चल रही है। पूरे विश्व के हित में यही है कि इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाया जाए।

- **रमन नासा**, हिसार

## ट्रेंड

### नोएडा हवाई अड्डा



28 मार्च उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इससे व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। नोएडा हवाई अड्डा हमारे देश की प्रमुख हरित परियोजनाओं में से एक है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### कांग्रेस की भावना



कांग्रेस की जिस प्रकार की नकारात्मक भावना है, संसद उसका संस्थान नहीं है। कांग्रेस पार्टी को स्ट्रक्चर के साथ चर्चा करना पसंद नहीं है; हो-हल्ला करना और हुड़दंग मचाना ही उसकी परंपरा रही है।

- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### सरकार की नाकामी



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को 4 घंटे की प्रोपोगंडा पिक्चर देखने भेजने से अच्छा था कि उन्हें पेट्रोल पंपों पर भेजते। नाकाम भाजपा सरकार ने बेचारे सिपाहियों को जनता के गुस्से का सामना करने के लिए अकेला छोड़ दिया है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### आमजन को राहत



वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे अधिकांश देशों में आम जनता पर बोझ बढ़ा है। ऐसे समय में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां सरकार ने करों में कटौती कर आम लोगों को राहत देने का कार्य किया है।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखाई देंगे ट्रंप के हस्ताक्षर



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने यह निर्णय ऐसे वक्त लिया है जब अमेरिका इस वर्ष देश की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा ' 'अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे। ऐसा इतिहास में पहली बार होगा और यह राष्ट्रपति के नेतृत्व एवं हमारे महान राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। इस महीने की शुरुआत में, एक संघीय कला आयोग ने अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ पर ट्रंप की छवि वाले 24 कैरेट सोने के स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को मंजूरी दी थी। बेसेंट ने एक बयान में कहा, ' 'राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में, हम अभूतपूर्व आर्थिक विकास, डॉलर के स्थायी प्रभुत्व और राजकोषीय मजबूती एवं स्थिरता की राह पर हैं।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ लोकप्रिय



पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन अगर आप एक एथलीट हैं तब भी हमेशा 'आइस बाथ' नहीं लेना चाहिए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# आईपीएल आज से: आरसीबी-सीएसके केकेआर और एमआई में होंगे मुकाबले

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी, जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे। आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### आरसीबी को हेजलवुड और दयाल के बिना उतरना होगा मैदान में

आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे। आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा।



### सनराइजर्स के बैकअप विकल्प भरोसेमंद नहीं

*सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।*

### एमआई, सीएसके और केकेआर के पास 13 खिताब

मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमशः आठवें और दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है।





### रो-को पर रहेगी नजर

इस आईपीएल में कोहली और रोहित पर नजर टिकी रहेगी। इन दोनों को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन वे हमेशा की तरह दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं।

# मियामी ओपन: सबालेंका का दबदबा लगातार दूसरी बार फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| मियामी

बेलारूस की टेनिस प्लेयर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन के फाइनल का टिकट कटा लिया है। सबालेंका ने सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया।

इस जीत के साथ वह लगातार दूसरे साल मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका की यह डब्ल्यूटीए टूर में 17वीं प्रतियोगिता और कुल 10वीं जीत है। सबालेंका 2023 और 2024 में रायबाकिना के बाद लगातार मियामी ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी रहते हुए वह 2013 से 2015 तक सेरेना विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।



- रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया
- खिताबी मुकाबले में अब गॉफ से भिड़ंत

### सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ दिखाया शानदार खेल

मैच की शुरुआत काफी रोमांचक रही। पहले सेट में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर खेल रही थीं। 4-5 से पिछड़ने के बाद सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और क्रॉस-कोर्ट बैकहैंड और ओवरहेड शॉट का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इस ब्रेक के दम पर वह पहला सेट 6-4 से जीतने में सफल रहीं। दूसरे सेट में सबालेंका ने शुरुआत से दबाव बनाए रखा और 4-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद भी उन्होंने अपने विरोधी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सेट के अंत में उन्होंने लव पर सर्व किया और टी-सर्व के साथ खेल खत्म किया।

### सबालेंका का विशेष मुकाम

सबालेंका इस सदी की चौथी खिलाड़ी हैं, जो अपने सीजन के पहले चार डब्ल्यूटीए इवेंट्स के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मार्टिना हिंगिस (2001), सेरेना विलियम्स (2003) और विक्टोरिया अजारेंका (2012) के नाम रहा है। इस तरह का प्रदर्शन उन्हें टेनिस की दुनिया में एक विशेष मुकाम दिलाता है।

### जेवरेव ने बनाई सेमीफाइनल में जगह



मियामी ओपन में जर्मनी के खिलाड़ी अलेक्जेंडर जेवरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ 27 साल के जर्मन खिलाड़ी ने एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बना लिया है, जो उनके करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ जेवरेव ने सेरुंडोलो के खिलाफ लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस तरह उनका एटीपी में हेड-टू-हेड रिकॉर्ड अब 4-3 हो गया है। जेवरेव अब अपना पूरा ध्यान इटली के टेनिस प्लेयर जैनिक सिनर के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले पर लगाएंगे। सिनर पिछले छह मुकाबलों में लगातार जीत हासिल करके जेवरेव के खिलाफ 7-4 से आगे हैं।

## खबर संक्षेप



### ह्यूस्टन ओपन में 11वें स्थान पर थीगाला

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थीगाला शानदार शुरुआत करते हुए टेक्सास चिल्ड्रन्स ह्यूस्टन ओपन के पहले दौरे के बाद 3-अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे। पॉल वारिंग पहले दिन के खेल के बाद बिना किसी बोगी के सात-अंडर 63 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रहे हैं। भारत में जन्मे कनाडाई गोल्फर सुदर्शन येलामाराजू 1-अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर हैं।

### गोरखपुर में महिला रोइंग का शिविर शुरू



**नई दिल्ली।** जापान में इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए टीम की तैयारियों को और मजबूत करने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए 51 दिवसीय राष्ट्रीय रोइंग शिविर गोरखपुर में शुरू हो गया। रामगढ़ झील स्थित जल क्रीड़ा परिसर में यह शिविर भारतीय रोइंग महासंघ के अनुरोध पर भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से आयोजित किया जा रहा है।


### बेल्लारी में कबड्डी का अनुकूलन शिविर शुरू



**बेल्लारी।** नवीन कुमार, पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल और सोनाली विष्णु शिंगेट सहित पुरुष और महिला वर्ग के कई प्रमुख कबड्डी खिलाड़ी इस वर्ष के आखिर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों से पहले अनुकूलन शिविर में भाग ले रहे हैं। यह शिविर 2 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों के विकास, फिटनेस, अनुकूलन और प्रदर्शन में उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान दिया जाएगा।

# आईपीएल 2026: पहले मैच में भुवनेश्वर के पास इतिहास रचने का मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



टीम इंडिया के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके पास आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में नया इतिहास रचने का मौका होगा। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें दो विकेट की जरूरत है।

**आईपीएल में 200 विकेट पूरे कर सकते हैं भुवनेश्वर**

आईपीएल 2026 के ओपनिंग मैच में सबकी नजरें अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर रहेंगी। वह आईपीएल में एक ऐसा रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं, जो अब तक कोई भी तेज गेंदबाज ने नहीं बना पाया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में सिर्फ 2 विकेट लेते ही वह आईपीएल इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे। भुवनेश्वर कुमार ने अभी तक आईपीएल में 190 मैचों में 198 विकेट अपने नाम हैं। इस दौरान उन्होंने 2 बार पांच विकेट हॉल और 2 बार चार विकेट हॉल अपने नाम कर चुके हैं।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

**युजवेंद्र चहल:** 174 मैच: 221 विकेट
**भुवनेश्वर कुमार:** 190 मैच : 198 विकेट
**सुनील नरेन:** 189 मैच: 192 विकेट
**पीयूष चावला:** 192 मैच: 192 विकेट
**आर अश्विन:** 221 मैच: 187 विकेट

# भारत ने जीते 10 पदक, कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया।

भारत ने रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए, जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे। भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा, जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका, जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे।



### कंबोज ने जीता पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक

उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया, जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की। इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की।

### तेजल ने व्यक्तिगत वर्ग में जीता कांस्य पदक

अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी ने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो , जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी। तीन सेट के बाद उन्होंने 118-117 के मामूली अंतर से एक अंक की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके अपनी जीत सुनिश्चित की।

### फोर्ड चैंपियनशिप : संयुक्त 108वें स्थान पर अदिति



**चैंडलर।** भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने फोर्ड चैंपियनशिप के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 108वें स्थान पर बनी हुई हैं। पहले दिन कई शीर्ष खिलाड़ियों ने शानदार स्कोर बनाए।न्यूजीलैंड की लिडिया को (60) और दक्षिण कोरिया की मौजूदा चैंपियन ह्यो जू किम (61) ने पहले दिन अंडर पार दो अंक का स्कोर बनाया। सत्ताईस साल की अदिति ने दिन की शुरुआत बैक नाइन पर 11वें, 12वें और 13वें होल से लगातार तीन बर्डी के साथ की। उन्होंने पहली बोगी 18वें होल पर की। इसके बाद पहले और दूसरे होल पर लगातार बर्डी लगाई। वह तीसरे और चौथे होल पर लगातार शॉट ड्रॉप कर बैठी। छठे और सातवें होल पर लगातार बोगी से उन्होंने इवन पार का कार्ड बनाया। अदिति ने पांच बर्डी लगाईं और इतनी ही बोगी कर बैठीं।

# सूर्यवंशी टीम इंडिया में कर सकते हैं डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी आखिरकार 15 साल के हो चुके हैं। साल 2026 इंडियन प्रीमियर लीग में वो राजस्थान रॉयल्स में है। वैभव ने पिछले साल 14 की उम्र में डेब्यू किया था और कमाल किया था। ऐसे में अब वैभव के लिए बेहद अच्छी खबर है। 15 साल के होने के साथ ही वो अब भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के योग्य हो चुके हैं। आईसीसी के आर्टिकल 4 के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को नेशनल टीम में खेलने के लिए 15 साल का होना जरूरी है। इस नियम को साल 2020 में पेश किया था। इस दौरान कहा गया था कि किसी भी खिलाड़ी को नेशनल क्रिकेट फेडरेशन का प्रतिनिधित्व करने के लिए या इंटरनेशनल मैच में खेलने के लिए उसकी उम्र 15 साल होनी चाहिए। अब जब सूर्यवंशी 15 साल के हो चुके हैं तो वो अब भारत की सीनियर टीम में खेलने के योग्य हो चुके हैं।



### आईपीएल 2026 में फिर कमाल करेंगे

वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स को 1.1 करोड़ रुपए में लिया था। आईपीएल में डेब्यू के दौरान उन्होंने पहली गेंद पर ही छक्का ठोका था। इसके बाद उन्होंने 35 गेंदों पर शतक ठोका था। ये टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज शतक था।

# फ्रांस ने ब्राजील को दी शिकस्त



**फॉक्सबोरो।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। ब्राजील अब मंगलवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा, जो इन दोनों टीम के बीच 2022 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहला मुकाबला होगा।

# इटली ने आयरलैंड को हराया



**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इटली को अब बोस्निया और हर्जेगोविना का दौरा करना होगा, जहां उसे विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

BREEZ BUILDERS & DEVELOPERS BREEZ INFRA

उन आवेदकों की सूची जिन्होंने मांग की तारीख से 15 दिनों के बाद उन्हें जारी नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया है। निम्नलिखित आवेदकों को इस रद्दीकरण को रोकने के लिये इस विज्ञापन के माध्यम से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करने के लिये सूचित किया जाता है। सभी आवेदकों जिनके भुगतान निश्चित समय के भीतर प्राप्त नहीं किये जाते हैं, उन्हें आवंटित फ्लैटों का अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013 के अनुसार आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

Breez Infra, Gurugram
LICENCE NO. 85 OF 2021

| Form No. | No. | Form No. | No. |
|---|---|---|---|
| 49440 | T1 - 902 | 21025 | T15 - 206 |
| 51447 | T6 - 1702 | 21031 | T14 - 503 |
| 82152 | T6 - 1806 | | |

नोट: पहले ही भुगतान किये जाने पर सावधानी से अनदेखा करें।

Corporate Office: Unit No 7th B, 7th Floor, Ireo Grand View Tower, Sector 58, Gurugram 122002
Ph: 0124 6980076




12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

Dr. Juneja's EYE Mantra
Ayurvedic Eye Relief Drops

• Eye Strain • Eye Dryness • Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness



आईआरजीसी ने अमेरिका व इजराइल के सहयोगी जहाजों को कड़े जवाब की धमकी दी

# दुश्मन देशों के जहाज को नहीं गुजरने देंगे आईआरजीसी ने बंद कर दिया 'होर्मुज स्ट्रेट'

*ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की सबसे बड़ी चेतावनी जारी की है, जिसमें आईआरजीसी ने घोषणा की है कि महत्वपूर्ण जलमार्ग बंद कर दिया गया है। चेतावनी दी गई है कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को कड़े जवाब का सामना करना पड़ेगा*

एजेंसी ⏭ तेहरान

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अब तक की सबसे बड़ी चेतावनी जारी की है। आईआरजीसी ने घोषणा की है कि इस महत्वपूर्ण रणनीतिक जलमार्ग को बंद कर दिया गया है और चेतावनी दी है कि कोई भी जहाज जो यहां से गुजरने की कोशिश करेगा, उसे कड़े जवाब का सामना करना पड़ेगा। इस धमकी से खाड़ी क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया है और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक की सुरक्षा को लेकर नई आशंकाएं पैदा हो गई हैं, जिससे होकर वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस चेतावनी के साथ ही, ईरान ने यह भी कहा कि वह उन देशों से जुड़े जहाजों पर प्रतिबंध का दायरा बढ़ाएगा जो अमेरिका और ईरान का समर्थन करते हैं।

## खतरनाक स्तर पर पहुंचा पश्चिम एशिया का संघर्ष

होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है, जिससे हर दिन लाखों बैरल कच्चा तेल और एलएनजी का ट्रांसपोर्टेशन होता है। इसमें कोई भी लंबे समय तक चलने वाली रुकावट अंतरराष्ट्रीय शिपिंग ऊर्जा, ऊर्जा बाजारों और एशिया तथा यूरोप के ईंधन-आयात करने वाले देशों में भारी उथल-पुथल मचा सकती है। यह ताजा धमकी पश्चिम एशिया में पहले से ही अस्थिर सुरक्षा स्थिति के बीच आई है, जहां ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच सैन्य टकराव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है।



## युद्धरत देशों में सेनाएं हांफी, नई भर्तियां करने की कवायद शुरू

### क्या उभर रहा है नया खतरा?

**वॉशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की जंग लगभग एक महीने बाद अब खत्म होने की ओर बढ़ रही है या अभी इसका और विकराल रूप लेना बाकी है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि एक तरफ तो दोनों देश बैकचैनल से शांति वार्ता में लगे हुए हैं लेकिन सामने से दोनों की एक-दूसरे पर जुबानी जंग जारी है। इतना ही नहीं खबर यह है कि दोनों देश अपनी सैन्य तैयारियों को तेज करने में लगे हैं, ग्राउंड पर आमने-सामने की जंग के लिए सैनिक उतारने की तैयारी में हैं। अमेरिका जल्द 10 हजार सैनिकों को मिडिल ईस्ट भेज सकता है जबकि ईरान ने इस संदेह में 10 लाख नए फाइटर जमा कर लिए हैं कि कहीं अमेरिका उसकी जमीन पर सेना न उतार दे।

### अमेरिका भेज सकता है 10 हजार सैनिक

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट में 10,000 अतिरिक्त जमीनी सैनिक भेजने पर विचार कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि पेंटागन (रक्षा विभाग का हेडक्वाटर) की तरफ से यह संभावित तैनाती ट्रंप को ₹अधिक सैन्य विकल्प देने के लिए है, भले ही वह तेहरान के साथ शांति वार्ता पर विचार कर रहे हों। आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार, इस फोर्स में संभवतः पैदल सेना और बख्तरबंद वाहन शामिल होंगे, और यह 5,000 अमेरिकी नौसैनिकों के अलावा होगा जो पहले से ही इस क्षेत्र में तैनात किए जा चुके हैं। इसके अलावा एलीट 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के 1500 से 3000 सैनिकों के कुछ दिनों के भीतर मिडिल ईस्ट पहुंचने की उम्मीद है। यह स्पष्ट नहीं है कि सैनिकों को वास्तव में कहां तैनात किया जाएगा।

### ईरान ने भर्ती कर लिए 10 लाख नए सैनिक

मिडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान में युवा स्वयंसेवक (वॉलंटियर्स) बड़ी संख्या में सेना भर्ती केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, क्योंकि ईरान अमेरिका के साथ संभावित जमीनी युद्ध के लिए 10 लाख से ज्यादा जमीनी लड़ाकों को तैयार कर रहा है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार एक सैन्य स्रोत के हवाले से बताया कि इन बलों को जमा कर लिया गया है और वे युद्ध के लिए तैयार हैं। यह उस समय हो रहा है जब बसीज, इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) और सेना द्वारा चलाए जा रहे केंद्रों पर नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है।

## खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ा, वैश्विक तेल आपूर्ति पर जबरदस्त असर

ईरान ने शुरू किया 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 का 83वां चरण

### इजराइल के ठिकानों पर मिसाइलों की बारिश



**तेहरान।** पश्चिम एशिया की धरती एक बार फिर दहक उठी है। ईरान ने शुक्रवार तड़के भीषण हमले कर यह साफ कर दिया है कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी) ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत 83वां चरण शुरू कर दिया है। इस बार ईरानी सेना ने न केवल इजराइल को चोट दी है, बल्कि खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है।

### इजराइल के अशदोद के तेल डिपो पर सटीक हमले

*मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार आईआरजीसी ने आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स के जरिए इजराइल के अशदोद में तेल डिपो को निशाना बनाया है। हमले के बाद वहां आग लगने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, इजराइल के सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए गए हैं।*

### ईरान के निशाने पर खाड़ी स्थित अमेरिकी एयरबेस

*वही ईरान ने सीधे अमेरिकी अड्डों को अपना निशाना बनाया है। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा बेस पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। बताया जा रहा है कि बहरीन में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के रिपेयर हैंगर और जेट फ्यूल टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत और यूएई के अल-धाफरा बेस पर भी ईरानी ड्रोन्स ने सैन्य साजो-सामान को निशाना बनाया है।*

# एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल का ईमेल हैक

**वॉशिंगटन।** ईरान से जुड़े हैकरों ने अमेरिकी एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल के पर्सनल ईमेल इनबॉक्स में सेंध लगाई है। हैकर्स ने पटेल के ईमेल से तस्वीरें तथा दूसरे दस्तावेज निकालकर इंटरनेट पर पब्लिश कर दिए। अमेरिकी न्याय विभाग के एक अधिकारी ने रॉयटर्स से इसकी पुष्टि की है। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान से जुड़े हैकरों ने काश पटेल के निजी ईमेल से उनकी तस्वीरें और दूसरी सामग्री को लीक किया है।ईरान समर्थक एक हैकिंग ग्रुप ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल का अकाउंट हैक करते हुए उनको इनबॉक्स तक पहुंच बनाई है। ग्रुप ने ऑनलाइन उनकी कई साल पुरानी तस्वीरें, उनका वर्क रेज्यूमे और दूसरे निजी दस्तावेज पोस्ट किए हैं। इनमें से कई रिकॉर्ड एक दशक से भी ज्यादा पुराने हैं। हैकर ग्रुप 'हंडाला हैक टीम' ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि काश पटेल अब अपना नाम उन लोगों की लिस्ट में पाएंगे, जिन्हें सफलतापूर्वक हैक किया गया है। हैकर्स ने पटेल की कई पर्सनल तस्वीरें पब्लिश की हैं, जिनमें वे सिगार पीते हुए, एक पुरानी कन्वर्टिबल कार में सवारी करते हुए और रम की बोतल के साथ शीशे में अपनी तस्वीर लेते समय मुंह बनाते दिख रहे हैं।



### जर्मन चांसलर मर्ज बोले- ईरान में रेजीम चेंज करना मुश्किल

*जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा है कि अमेरिका-इजराइल का ईरान के खिलाफ युद्ध रेजीम चेंज तक नहीं पहुंच पाएगा। मर्ज ने कहा कि अगर यही इस युद्ध का लक्ष्य है, तो इसे हासिल करना मुश्किल होगा। पहले भी अफगानिस्तान में ऐसे प्रयास सफल नहीं रहे हैं। इससे पहले जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक-वॉल्टर स्टाइनमायर ने इस युद्ध को गंभीर गलती बताते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कहा था।*

### ईरान के केरमानशाह में हमले में 13 की मौत

ईरान के केरमानशाह प्रांत में रिहायशी इलाकों पर हुए हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मरने वालों में दो बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं, जिनमें एक गर्भवती महिला भी थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला अमेरिका-इजराइल की कार्रवाई का हिस्सा बताया जा रहा है। हालांकि, इस घटना पर अभी तक अमेरिका या इजराइल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### रूस 1 अप्रैल से पेट्रोल के निर्यात पर रोक लगाएगा

रूस सरकार ने 1 अप्रैल से पेट्रोल के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूसी उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यह प्रतिबंध 31 जुलाई तक लागू रह सकता है। सरकार का कहना है कि यह कदम देश में बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने और ईंधन की कमी को रोकने के लिए उठाया जा रहा है। रूस पहले भी घरेलू सप्लाई बनाए रखने के लिए पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर पाबंदी लगाता रहा है।

### ईरान जंग महीनों नहीं हफ्तों में खत्म होगीः रुबियो

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि ईरान के साथ चल रही जंग महीनों नहीं, हफ्तों में खत्म हो सकती है और इसके लिए जमीनी सेना भेजने की जरूरत नहीं होगी। फ्रांस में जी7 बैठक के बाद रुबियो ने कहा कि अमेरिका बिना ग्राउंड ट्रूप्स के अपने सैन्य लक्ष्य हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि जंग खत्म होने के बाद भी होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखना बड़ी चुनौती होगी और इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी होगा। रुबियो ने ईरान के संभावित 'टोल सिस्टम' पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ऐसा कदम अवैध और दुनिया के लिए खतरनाक होगा।

## ईरान ने तीन देशों के जहाजों को खदेड़ा

**नई दिल्ली।** ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स यानी आईआरजीसी ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अपने दुश्मनों के लिए बंद घोषित कर दिया है। शुक्रवार सुबह आईआरजीसी ने उन तीन जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया, जो इस संकरे रास्ते को पार करने की कोशिश कर रहे थे। ईरान का साफ कहना है कि जो भी देश 'यहूदी-अमेरिकी दुश्मनों' का साथ देगा, उसके जहाजों को यहां से गुजरने की अनुमति नहीं मिलेगी। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दावा कर रहे थे कि बातचीत का रास्ता खुला है और ईरान नरम पड़ रहा है।

## ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों को झूठा साबित किया

दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया था कि ईरान ने सद्भावना दिखाते हुए 10 ऑयल टैंकरों को रास्ता दिया है। उन्होंने इसे बातचीत की मेज पर ईरान की गंभीरता बताया था। लेकिन शुक्रवार को मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार ईरान ने ट्रंप को 'भ्रष्ट राष्ट्रपति' बताते हुए उनके दावों को सफेद झूठ करार दिया।

## खबर संक्षेप


### हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 3 लोगों की मौत

**हनालेई (अमेरिका)।** अमेरिका के हवाई द्वीप पर एक सुदूर समुद्र तट पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काउई अग्निशमन विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर कलालाऊ तट पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट और चार यात्री सवार थे।



### सिंध प्रांत में भूकंप के झटके, कोई हताहत नहीं

**कराची।** पाक के सिंध प्रांत के कई इलाकों में शुक्रवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र शाहदकोट से लगभग 74 किलोमीटर पश्चिम में, 14 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोग दहशत में अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल गए।



## महाराष्ट्र में सामने आया एक और ढोंगी बाबा, महिला से किया रेप

**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 35 वर्षीय महिला ने एक स्वयंभू बाबा पर रेप करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि नासिक में पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी और स्वयंभू बाबा अशोक खरात की हालिया गिरफ्तारी के बाद पीड़ित महिला ने 40 वर्षीय आरोपी ऋषिकेश वैद्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत जुटाई है। पुलिस ने बताया कि पुणे की रहने वाली महिला सबसे पहले 2023 में फेसबुक के जरिए आरोपी बाबा के संपर्क में आई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने एफआईआर का हवाला देते हुए बताया कि साल 2023 के ही दिसंबर महीने में आरोपी बाबा महिला से मिलने पुणे गया था। आरोपी ने कथित तौर पर महिला को यह कहकर धोखा दिया कि वह महादेव (भगवान शिव) का अवतार है और महिला उसकी 'पार्वती' है।



जनगणना को लेकर बड़ा फैसला, सरकार ने दिए निर्देश

## अभद्र सवाल पूछे तो अधिकारी को होगी तीन साल की जेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जनगणना 2027 को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। केंद्र सरकार ने कुछ सख्त निर्देश जारी किए हैं। इनमें सबसे बड़ा निर्देश भारतीयों से अभद्र सवाल पूछलने को लेकर है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के लिए आंकड़े कलेक्ट करते समय अगर अधिकारी ने जानबूझकर कोई अभद्र सवाल पूछा तो सजा मिलेगी। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत 3 साल तक की जेल हो सकती है। इसलिए अधिकारी सावधानी बरतते हुए सवाल पूछें। भारत के महापंजीयक के अनुसार, भारत में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है, जिसे लेकर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया हुआ है। इसलिए केंद्र के निर्देश पर एक नया सर्कुलर जारी किया गया है, जिसमें जनगणना को लेकर पूछे जाने वाले सवालों को लेकर एक आदेश जारी हुआ है। सरकार ने कहा है कि अगर किसी जनगणना अधिकारी जानबूझकर कोई अपमानजनक या अनुचित सवाल पूछा और वह दोषी पाया गया तो एक्ट के तहत उसे 3 साल की जेल की सजा हो सकती है।

**भारत में पहली बार कराई जा रही है डिजिटल जनगणना**

## शादीशुदा पुरुष का लिव-इन में रहना अपराध नहीं : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**इलाहाबाद (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि शादीशुदा पुरुष का किसी बालिग महिला के साथ सहमति से लिव-इन में रहना अपराध नहीं है। जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की बेंच ने कहा कि नैतिकता और कानून दोनों अलग-अलग हैं। फैसले नैतिकता से नहीं, कानून से होते हैं। कोर्ट शाहजहांपुर के एक केस से जुड़ी सुनवाई कर रहा था। जिसमें लिव-इन में रह रहे एक कपल ने परिवार से मिल रही धमकियों के खिलाफ सुरक्षा मांगी थी। कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए कपल की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। साथ ही महिला के परिवार को कपल से संपर्क करने या उन्हें किसी तरह का नुकसान पहुंचाने से भी मना किया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में कहा कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से पुरुष के साथ रह रही है। कपल ने यह भी बताया कि परिवार उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे ऑनर किलिंग का खतरा है। कोर्ट ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि दो बालिगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी जिम्मेदारी है।

## नेपाल में बालेन युग की शुरुआत

## शाह को पीएम मोदी ने भेजा बधाई संदेश, कहा- संबंधों को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे

**कांठमाडू (एजेंसी)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह 'बालेन' को शपथ लेने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के आपसी फायदे के लिए भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हैं। बता दे कि रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह ने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने लगभग लगभग छह महीने बाद हुआ है। ओली सरकार को एक युवा पीढ़ी के विरोध प्रदर्शन में हटा दिया गया था। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह ने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने लगभग लगभग छह महीने बाद हुआ है। 35 वर्षीय राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी बालेन शाह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला है।



सावधान! कोरोना ने दी फिर दस्तक

## अमेरिका समेत 22 देशों में फैल रहा नया वैरिएंट सिकाडा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कोरोना वायरस एक बार फिर से चर्चा में है। हाल ही में, कोविड-19 का एक नया वेरिएंट सामने आया है, जिसका नाम बीए-3.2 है। आम बोलचाल में वैज्ञानिक इसे सिकाडा कह रहे हैं।

यह नया वेरिएंट ओमिक्रॉन के एक बहुत पुराने परिवार (बीए-3) का हिस्सा है, जो 2022 की शुरुआत में लगभग खत्म हो गया था। हालांकि, अब लंबे समय बाद यह वेरिएंट अचानक से फिर वापस आ गया है। इसी वजह से इसे सिकाडा नाम दिया गया है, जो एक कीड़ा होता है, जो सालों तक जमीन के नीचे छिपा रहता है और फिर अचानक भी बाहर आता है।



**कहां से आया नया वेरिएंट?:** इस नए वेरिएंट ने पहली दस्तक साल 2024 के अंत में दक्षिण अफ्रीका में दी थी, लेकिन अब यह वायरस अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में तेजी से फैल रहा है।

**चिंताजनक है सिकाडा?:** वैज्ञानिक इस वायरस को लेकर इसलिए अलर्ट हैं क्योंकि इसने खुद में बहुत ज्यादा बदलाव किए हैं।

## जी-7 की बैठक में इतर पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की

## अब रूबियो जी-7 विदेश मंत्रियों को ईरान जंग के लिए मनाने की कर रहे कोशिश

एजेंसी ⏭ फ्रांस

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो शुक्रवार को फ्रांस में जी-7 (ग्रुप ऑफ सेवन) के अन्य विदेश मंत्रियों से मुलाकात की है। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो देशों पर ईरान युद्ध में मदद ना करने पर तीखा हमला बोला है। ट्रंप ने नाटो पर नाराजगी जताते हुए कहा, हम नाटो से बहुत निराश हैं, क्योंकि उन्होंने बिल्कुल कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि नाटो देश रूस से अपनी रक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहते हैं, लेकिन जब ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की मदद की बारी आई तो वो पीछे हट गए। ट्रंप ने यह भी कहा है कि नाटो देश होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित करने में भी अमेरिका की मदद नहीं कर रहे हैं, जिससे तेल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और दाम बढ़ गए हैं।

ईरान से जारी जंग के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने जी-7 के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की




जी-7 की बैठक के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो (बाएं), फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बैरोट (मध्य), कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद (दाएं)।

### अभी सामने नहीं आया बयान

*रूबियो के सामने अब जी-7 के बाकी देशों (ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान) को अमेरिका की ईरान नीति पर राजी करना एक बड़ी चुनौती है। लगभग सभी देश इस युद्ध को लेकर संशय में हैं और आपत्ति जता रहे हैं। बैठक स्थल पर पहुंचकर रूबियो ने दूसरे विदेश मंत्रियों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाई, लेकिन किसी ने भी कोई बयान नहीं दिया। ट्रंप की कड़ी टिप्पणियों के कुछ घंटे बाद ही रूबियो वॉशिंगटन से फ्रांस के लिए रवाना हुए थे।*

### धमकियों के खिलाफ आगे आएं देश

*रूबियो ने कहा कि जो देश अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करते हैं, उन्हें ईरान की जहाजरानी पर दी जा रही धमकियों के खिलाफ आगे आना चाहिए। रूबियो को उम्मीद है कि चर्चा से कुछ सकारात्मक नतीजे निकलेंगे।*

### ईरान पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक नहीं बना सकताः कूपर

*फ्रांस के रक्षा प्रमुख जनरल फैबियन मैंडन ने कहा है कि अमेरिका ने उन्हें युद्ध शुरू करने की कोई सूचना नहीं दी। उन्होंने कहा, अमेरिका अब पहले जैसा अनुमान लगाने लायक सहयोगी नहीं रहा। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडेफुल ने कहा है कि यूक्रेन के लिए समर्थन अब कम नहीं होना चाहिए। उन्होंने मध्य पूर्व में स्थिरता लाने और होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने पर भी जोर दिया। ब्रिटेन की विदेश सचिव यवेट कूपर ने कहा कि ईरान पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक नहीं बना सकता। उन्हें साझेदारी और कूटनीति की जरूरत है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28